CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

मेरठ, गुरुवार 17 जुलाई 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 46 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**इस दिन का इंतजार था, राहुल-खड़गे के पत्र पर उमर की प्रतिक्रिया** पेज 2



**रूट ने फिर हासिल की नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग** खेल टाइम्स



**'एक्सोलोटल' की अंग पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर** सम्पादकीय



**यूएस को भारतीय मार्केट में पहुंच मिलने वाली है: ट्रम्प** पेज़ 12

# कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते

## विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमें कमजोर बना रही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि विदेश से इम्पोर्ट की गई टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध की तैयारियां कमजोर करती है। सीडीएस ने कहा कि यह हमें कमजोर बना रही है।

ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी सी-यूएएस (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए इन्वेस्टमेंट करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। अधिकतर ड्रोन्स मार गिराए गए। ये हमारे किसी भी मिलिट्री या सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। सीडीएस ने ये बातें दिल्ली के मानेकशा सेंटर में यूएवी और सी-यूएएस की प्रदर्शनी में कहीं। युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल पर जनरल चौहान ने कहा कि मुझे लगता है कि ड्रोन्स इवाल्यूश्नरी (विकासवादी) हैं और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है। जैसे-जैसे उनकी तैनाती और दायरा बढ़ा, सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया। हमारे लड़े गए कई युद्धों में आपने यह देखा है। हम इम्पोर्टेड टेक्नोलॉजी पर निर्भर नहीं रह सकते, क्योंकि यह हमारे युद्ध और डिफेंस ऑपरेशन के लिए महत्वपूर्ण हैं। विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है। उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को कम करती है। इससे अहम मैकेनिकल पार्ट्स की कमी होती है।



■ **स्वदेशी एडवांस टेक्नोलॉजी जरूरी: सीडीएस अनिल चौहान**

### स्वर्ण मंदिर को तीसरी बार मिली बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** पंजाब में अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर को पिछले कुछ दिनों में तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद मंदिर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को एक फर्जी ई-मेल आईडी से मेल मिला है, जिसमें मंदिर के अंदर आरडीएक्स से भरे पाइपों से विस्फोट करने की धमकी दी गई है। सुरक्षा कारणों से संदेश के विवरण का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन बम निरोधक दस्ते और खोजी स्वानों को विस्फोटक खोजने में लगाया गया है। एसजीपीसी और अमृतसर पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। बीएसएफ और पुलिस कमांडो वहां तैनात हैं। आने-जाने वालों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और सभी आगंतुकों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी के अनुसार मंगलवार को भी केरल के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्य न्यायाधीश के नाम से एक फर्जी ई-मेल आईडी से ऐसी ही धमकी मिली थी।

### अदालतों में टॉयलेट की कमी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** देश की अदालतों में टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधा की हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने नाराजगी जताई कि देश के 25 में से 20 हाईकोर्ट ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने टॉयलेट की सुविधा सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं? सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2025 को सभी हाईकोर्ट, सरकारों को निर्देश दिया था कि हर अदालत में पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग-अलग टॉयलेट होने चाहिए।

## 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उदयपुर फाइल्स नाम की विवादित हिंदी फिल्म की रिलीज़ पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार तक के लिए रोक को बरकरार रखा है, यानी अदालत ने फिल्म निर्माता को कोई राहत देने से इन्कार कर दिया है।

इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इस पर स्टे लगाया था। फिल्म निर्माता की ओर से दाखिल की गई याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। फिल्म निर्माता की ओर से वकील गौरव भाटिया एवं भाजपा प्रवक्ता ने बहस करते हुए कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

■ **सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इस बात का सबूत, फिल्म के खिलाफ हमारी कानूनी लड़ाई सही: मौलाना अरशद मदनी**

### सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ SIT जांच पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ हरियाणा के एसआईटी की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि यह गलत दिशा में जा रही है। पीठ ने प्रो. महमूदाबाद को बार-बार बुलाने पर सवाल उठाए।

### पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा: दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा

**पटना।** पटना एयरपोर्ट पर बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा। हालांकि, पायलट ने सूझबूझ से विमान को अनियंत्रित होने से बचा लिया। उन्होंने फौरन गो- अराउंड प्रक्रिया अपनाई और विमान को फिर से सफलतापूर्वक लैंड करवा लिया। इस मामले ने पटना एयरपोर्ट के छोटे रनवे को लेकर फिर सवाल खड़ा कर दिया है। मंगलवार रात नौ बजे दिल्ली से आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट जीई 2482 ने लैंडिंग के दौरान रनवे के निर्धारित टचडाउन जोन को पार कर दिया।

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को कैबिनेट की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने 36 योजनाओं को मिलाकर 24,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह ऐलान किया है। सरकार ने एनएलसीआईएल को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 7,000 करोड़ रुपये की भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कैबिनेट ने एनटीपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 20,000 करोड़ रुपये की मंजूरी देने पर भी अपनी मुहर लगा दी है। मंत्रिमंडल ने बुधवार को छह साल की अवधि के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है।

■ **हर साल खर्च होंगे 24000 करोड़, 100 जिले शामिल होंगे**



## संक्षिप्त समाचार

### रीढ़विहीन राहुल बढ़ा रहे नेहरू की परंपरा को आगे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रीढ़विहीन करार देते हुए उन पर विदेशी ताकतों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने बुधवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू पर अंग्रेजों के सामने आत्म समर्पण करने और दया याचिका लिखने का दावा किया है। पार्टी ने लिखा- राहुल गांधी सचमुच नेहरू के उत्तराधिकारी हैं। जिस तरह नेहरू ने नाभा जेल में रहते हुए अंग्रेजों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था और दया याचिका लिखी थी, उसी तरह राहुल गांधी भी समर्पण और समझौते की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस राजवंश में रीढ़हीनता की गहरी विरासत है।

### जेएंडके में आतंकियों के मददगारों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में आतंकवादियों और उनके मददगारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आज आतंकवादियों के तीन सहयोगियों की सपंत्तियां कुर्क कीं। आतंकवादी पाकिस्तान से ही अपनी गतिविधियों को इन मददगारों के सहयोग से अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में हरवानी खानसाहिब में मंजूर अहमद चोपन उर्फ रईस का दो मंजिला आवासीय मकान, चेवा बडगाम में मोहम्मद यूसुफ मलिक उर्फ मोलवी के स्वामित्व वाली पांच कनाल से अधिक जमीन के साथ एक इमारत और बिलाल अहमद वानी उर्फ उमर के नाम पर खग में पंजीकृत लगभग 20 मरला जमीन शामिल है। पुलिस ने कहा कि संबंधित संपत्तियां कार्यकारी मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी में कुर्क की गईं।

# अब यूपी के युवाओं को फोन की जगह मिलेंगे टैबलेट

**योगी सरकार कैबिनेट में जल्द ही पेश करेगी प्रस्ताव**

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत चल रही स्मार्टफोन-टैबलेट योजना में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। अब इस योजना के तहत युवाओं को स्मार्टफोन की जगह टैबलेट दिया जाएगा। सरकार ने शैक्षिक गतिविधियों के लिए टैबलेट को अधिक उपयोगी माना गया है। इस बदलाव को लागू करने के लिए योगी सरकार जल्द ही कैबिनेट के पुराने निर्णय को निरस्त कर नया प्रस्ताव मंजूर कराएगी।

नया प्रस्ताव जल्द ही कैबिनेट में पेश किया जाएगा। इस प्रस्ताव में टैबलेट वितरण की प्रक्रिया, बजट और पात्रता मानदंडों को स्पष्ट किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2025-26 के वित्तीय वर्ष में 15 लाख स्मार्टफोन और 10 लाख टैबलेट वितरित करना है, जिसके लिए 4000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। यूपी सरकार का मानना है कि टैबलेट शैक्षिक उद्देश्यों के लिए स्मार्टफोन की तुलना में अधिक प्रभावी हैं। टैबलेट की बड़ी स्क्रीन और बेहतर प्रोसेसिंग क्षमता ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ज्यादा उपयुक्त है। कोविड-19 महामारी के बाद डिजिटल शिक्षा के बढ़ते महत्व को देखते हुए सरकार का यह कदम युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार यूपी सरकार ने पहले 25 लाख स्मार्टफोन खरीदने का निर्णय लिया था, जिसके लिए 2493 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया था। हालांकि अब इस निर्णय को निरस्त कर टैबलेट वितरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यूपी फ्री टैबलेट स्मार्टफोन योजना 19 अगस्त 2021 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुरू किया था। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं को डिजिटल संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना है। यह योजना ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, टेक्निकल, और डिप्लोमा कोर्स करने वाले छात्रों के लिए है, जिसके तहत लगभग 1 करोड़ युवाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। टैबलेट में प्री-लोडेड शैक्षिक सामग्री होगी, जो ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को इंटरनेट के बिना भी अध्ययन करने में मदद करेगी। योजना का लाभ लेने के लिए छात्रों को अपने कॉलेज या विश्वविद्यालय के माध्यम से आवेदन करना होगा। हाल ही में डुप्लीकेसी रोकने के लिए सरकार ने ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है। छात्र अब खुद भी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं, जिससे योजना का लाभ में देरी नहीं होगी। डेटा सत्यापन के बाद छात्रों को उनके टैबलेट की स्थिति के बारे में एसएमएस के माध्यम से अपडेट मिलेगा।

# लाभार्थियों को ऑन स्पाट मिलेंगे मैरिज सर्टिफिकेट

लखनऊ, वार्ता

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर सरकार ने उठाया कदम**

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही रजिस्ट्रार, मैरेज ब्यूरो पंजीकरण कर मैरेज सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग की तरफ से यह कदम योजना में पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। इससे पूर्व विभाग की तरफ से लाभार्थियों के लिए आधार पंजीकरण किया गया था।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही पंजीकरण किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रार, मैरेज ब्यूरो या उनकी तरफ से नामित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। जिससे शादी को लीगल घोषित किया जा सके। उन्होंने बताया कि फर्जीवाड़े को रोकने के लिए आधार से भी पंजीकरण कराया जा रहा है। जिससे सही लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत कोई लक्ष्य नही रखा गया है, क्योंकि इससे पारदर्शिता प्रभावित होने का अंदेशा रहता है। कुमार ने कहा कि यदि किसी गांव में पांच लाभार्थी जोड़े सामूहिक विवाह के लिए आवेदन करते हैं, तो फिर उनका सत्यापन जिला स्तर के अधिकारी करेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत बलिया के मनियर ब्लॉक में जनवरी 2024 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा मिला था। शादीशुदा लोगों की शादी करा दी गई थी। इसका वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद जांच शुरू कराई गई थी। इसमें पता चला कि दलालों ने मिलीभगत कर 240 से अधिक फर्जी शादियां करा दी थीं। इसके बाद एफआईआर दर्ज कर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दो सहायक विकास अधिकारी और एक लिपिक को निलंबित किया गया था।

# जिला निर्वाचन अफसरों को सीईओ ने दिया प्रशिक्षण

लखनऊ, वार्ता

**नवदीप ने केन्द्र के निर्देशों से अवगत कराया**

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को विधानसभा/लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को त्रुटिरहित अपडेट रखने के लिए प्रशिक्षण दिया और केंद्रीय निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमों और दिशा-निर्देशों से अवगत कराया।

रिणवा ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने, बीएलओ की नियुक्ति नियमानुसार करने और राजनैतिक दलों के साथ बैठक करने पर जोर दिया। जिला निर्वाचन अधिकारियों को ईआरओ नेट, बीएलओ एप और वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी गई। गौरतलब है कि पहली बार जिला निर्वाचन अधिकारियों का भौतिक प्रशिक्षण कराया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण के समय मतदाताओं को परेशानी न हो। निर्वाचन अधिकारियों से नागरिकों से फार्म भरवाते समय सही जानकारी दर्ज कराने और फार्म-6, 7 व 8 से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए कहा गया। आज लखनऊ में आगरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कानपुर नगर, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, झांसी, जालौन, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, फतेहपुर, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, अलीगढ़, मुरादाबाद, गोरखपुर तथा पीलीभीत जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लखनऊ में जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि मेरठ और वाराणसी में भी पहले और दूसरा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे व नेता विपक्ष राहुल ने पीएम को लिखा पत्र

# जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य दर्जा बहाल करें

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए विधेयक लाने की मांग की है।

खड़गे और गांधी ने कहा कि जम्मू- कश्मीर की जनता पिछले पांच साल से लगातार पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी वैध, संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग कर रही है। यह पहली बार हुआ है जब किसी राज्य का दर्जा कम कर उसे केंद्रशासित प्रदेश में बदला गया है। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से आग्रह किया है कि वह मानसून सत्र में संसद में एक विधेयक लाकर जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करे। उन्होंने इसके साथ ही लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए भी विधेयक लाने का सरकार से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने से वहां की जनता की सांस्कृतिक, विकासात्मक और राजनीतिक आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी और इससे वहां के लोगों के अधिकार, भूमि और पहचान की रक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। जम्मू-कश्मीर को लेकर उन्होंने कहा कि पहले किसी भी सरकार ने किसी भी राज्य को केंद्रशासित प्रदेश में नहीं बदला है। इसके उलट केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य का दर्जा दिया गया है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है और अब उसका राज्य का दर्जा बहाल करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने मोदी को संबोधित पत्र में कहा कि उन्होंने पहले कई बार जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने वादा किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद के इसी सत्र में जम्मू-कश्मीर के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुए जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिल जाएगा।

### इस दिन का इंतजार था, राहुल-खड़गे के पत्र पर उमर की प्रतिक्रिया



**जम्मू।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए संयुक्त पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि वह इसी दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में आवाज उठाएगा। अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि यह अच्छी बात है। हम तो इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में हमारी आवाज उठाएगा। मैं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभारी हूं कि उन्होंने केंद्र के समक्ष जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाया। हम ऐसी कोई चीज नहीं मांग रहे, जिसका हमसे वादा न किया गया हो। संसद में और संसद के बाहर सार्वजनिक कार्यक्रमों में और शीर्ष न्यायालय में भी बार-बार कहा गया है कि उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा। जब शीर्ष न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया था, तो उसने कहा था कि जम्मू- कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए।



सेंसेक्स 83634.48
निफ्टी 25212.05



सोना रु. 97460
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 110996
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में हल्की तेजी, लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता



ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग में उभार के संकेतके बीच ऑटो, एफएमसीजी, आईटी और पीएसयू बैंकिंग शेयरों में लिवाली के समर्थन से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। सीमित और सावधानी भरे कारोबार के बीच शुरुआती गिरावट से उबरता कर बीएसई का सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 82,634.48 अंक पर बंद हुआ।

नेशलन स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी50 में 0.06 प्रतिशत की हल्की तेजी रही और कारोबार की समाप्ति पर यह 25,212.05 अंक पर रहा। तीस शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स की 15 कंपनियां लाल निशान में बंद हुईं। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.10 प्रतिशत की तेजी रही। बुधवार को जारी मजबूत तिमाही आंकड़ों के दमपर टेक महिंद्रा के शेयर 1.94 प्रतिशत चढ़े। इटरनल में सबसे ज्यादा 1.58 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

एशियाई बाजारों के लाल निशान में रहने और रुपए में गिरावट के कारण शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक दोपहर तक गिरावट में थे। हालांकि बाद में यूरोपीय बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों से बाजार में तेजी लौटी। एनएसई के ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में हल्की तेजी रही। निफ्टी 100 में 0.09 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप 100 में 0.01 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त दर्ज की गई। एनएसई में ऑटो, एफएमसीजी, आईटी, पीएसयू बैंक, रियलिटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं, हेल्थकेयर, फार्मा और धातु सेक्टर दबाव में रहे।

विदेशों में एशियाई बाजारों में गिरावट रही। जापान का निक्केई, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट लाल निशान में बंद हुए यूरोपीय बाजारों में ब्रिटेन का एफटीएसई तेजी पर था। एलकेपी सिक्योरिटीज़ के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने एक बाजार. टिप्पणी में कहा कि निफ्टी 50 सूचकांक 50.दिवसीय सचल औसत 50 डीएमए से ऊपर बना हुआ है, जो एक सकारात्मक अल्पकालिक रुझान को दर्शाता है।

# सोने और चांदी के दाम गिरे

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम आज 456 रुपए गिरकर 97,460 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 97,916 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,001 कम होकर 1,10,996 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,11,997 पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,439 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,150 रही, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 थी। जबकि कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 रही। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

# अन्नपूर्ति एटीएम से राशन पाने का डिजिटल और आसान तरीका

नई दिल्ली, वार्ता



आपने पैसे निकालने के लिए एटीएम मशीन का इस्तेमाल किया होगा, लेकिन अब आपको एटीएम मशीन से राशन भी मिल सकता है। डिपार्टमेंट आफ फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन ने 'अन्नपूर्ति एटीएम' की एक वीडियो शेयर की है। इसकी मदद से आप अपने हिस्से का राशन ले सकते हैं।

इससे मशीन की वजह से लोगों राशन की दुकानों पर लंबी-लंबी कतारें पर खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस मशीन का ठीक इस तरह इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे पैसे निकालने के लिए एटीएम का उपयोग होता है। इसमें पैसे की गेहूं, चावल और चीनी जैसे अनाज निकलेंगे। डिपार्टमेंट आफ फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन की ओर से सोशल मीडिया पर भी शेयर किए गए वीडियो में बताया है कि यह मशीन 5 मिनट में 50 किलो तक अनाज डिस्ट्रिब्यूट करती है। इससे लोगों का 70 प्रतिशत तक समय बचता है। यह मशीन ऑटोमैटिक तरीके से राशन डिस्ट्रिब्यूट का काम करती है। यह राशन पाने का एक डिजिटल और आसान तरीका है। यह मशीन राशन डिस्ट्रिब्यूशन से जुड़ी कई परेशानियों को दूर कर सकती है। इसकी मदद से कोई भी शख्स सिर्फ राशन कार्ड नंबर और अंगूठे की मदद से अपने हिस्से का राशन ले सकता है। इस मशीन की वजह से लोगों को सरकारी राशन की दुकान पर खड़े रहकर अपनी बारी आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, साथ ही इससे राशन लेने आए लोगों का समय भी बचेगा। इसके अलावा मशीन से अनाज बिखरने से भी बटाएगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उदयपुर फाइल्स...**

दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला असंवैधानिक है, क्योंकि हाईकोर्ट ने मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए महज़ दो दिनों में फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगा दी, जबकि मेरे मुवक्किल के पास सेंसर बोर्ड का सर्टिफिकेट है।

गौरव भाटिया ने यह भी कहा कि फिल्म की रिलीज़ रुकने से निर्माता को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। हालांकि, अदालत ने भाजपा प्रवक्ता एवं एडवोकेट गौरव भाटिया की दलीलों से सहमति नहीं जताई और कहा कि मौलाना अरशद मदनी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सर्टिफिकेट पर पुनर्विचार की याचिका दी है, जिस पर बुधवार दोपहर 2:30 बजे सुनवाई होनी है। ऐसे में अभी फिल्म की रिलीज़ पर लगी रोक हटाना उचित नहीं होगा। अदालत ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला सही है या नहीं, इस पर बाद में फैसला होगा। फिलहाल, मंत्रालय को मौलाना मदनी की याचिका पर फैसला लेने दिया जाए। गौरव भाटिया ने अदालत से अनुरोध किया कि मंत्रालय को निर्देश दिया जाए कि वह आज ही याचिका पर निर्णय ले और फिर अदालत शुक्रवार को मामले की सुनवाई करे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह अनुरोध खारिज कर दिया और कहा कि मंत्रालय को सभी पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला लेने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए। अगली सुनवाई अब सोमवार को होगी। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार की कार्यवाही पर प्रतिक्रिया देते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने संतोष जताया और कहा कि पीठ में शामिल जजों की टिप्पणियां बहुत महत्वपूर्ण हैं, जो इस मामले की संवेदनशीलता को दर्शाती हैं। भले ही जजों ने खुद फिल्म नहीं देखी, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट की हिदायतों और फिल्म के कई आपत्तिजनक दृश्यों को हटवाने की कार्रवाई को देखकर अदालत को यह अहसास है कि मौजूदा रूप में फिल्म की रिलीज़ से देश की शांति और कानून व्यवस्था को खतरा हो सकता है। मौलाना मदनी ने कहा कि अदालत की यह टिप्पणी कि फिल्म की रिलीज़ में देरी से कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन अगर रिलीज़ से देश का माहौल बिगड़ा, तो यह बड़ा नुकसान होगा, हमारी कानूनी लड़ाई को सही ठहराती है। उन्होंने विश्वास जताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय संविधान और कानून की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए ऐसा फैसला देगा, जो भविष्य में एक मिसाल बनेगा, और उन फिल्म निर्माताओं को सबक देगा जो सांप्रदायिक शक्तियों को खुश करने के लिए समाज में ज़हर घोलते हैं। इस बीच, मौलाना अरशद मदनी की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि उन्होंने खुद यह फिल्म देखी है और देखने के बाद वे भीतर से हिल गए क्योंकि इसमें एक विशेष समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले दृश्य हैं। कपिल सिब्बल ने आग्रह किया कि अदालत को यह फिल्म देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी जज यह फिल्म देखेगा, वह इसकी रिलीज़ की अनुमति नहीं देगा। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने हैरानी जताई कि कपिल सिब्बल ने फिल्म देखी है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि अभी के हालात में मामला उन याचिकाकर्ताओं के पक्ष में ज्यादा मजबूत है, जिन्होंने फिल्म पर स्टे की मांग की है, क्योंकि फिल्म के सर्टिफिकेट की वैधता पर पुनर्विचार अभी बाकी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने फिल्म निर्माता और कन्हैयालाल के बेटे को सुरक्षा देने के लिए पुलिस कमिश्नर से संपर्क करने का आदेश भी दिया। अदालत ने मोहम्मद जावेद की याचिका पर भी सुनवाई की, जो कन्हैयालाल हत्याकांड में आरोपी हैं और उन्होंने भी फिल्म की रिलीज़ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने अदालत को बताया कि फिल्म में न केवल एक समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाई गई है, बल्कि न्यायपालिका पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां हैं। इसके अलावा, फिल्म में ज्ञानवापी और कन्हैयालाल हत्याकांड जैसे मामलों का ज़िक्र भी किया गया है, जो अभी अदालत में विचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म की रिलीज़ निष्पक्ष ट्रायल को प्रभावित कर सकती है। फिल्म निर्माता के वकील गौरव भाटिया ने कोर्ट से अनुरोध किया कि शुक्रवार को मामले की सुनवाई की जाए, लेकिन दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि फिल्म की रिलीज़ में देरी से कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन अगर इससे देश की शांति प्रभावित हुई, तो यह ज्यादा बड़ा नुकसान होगा। अदालत ने कहा कि हो सकता है कि केंद्र सरकार फिल्म से और भी आपत्तिजनक दृश्य हटवाए, जिसके खिलाफ निर्माता कोर्ट का रुख कर सकते हैं। इसलिए पहले सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को फैसला लेने दिया जाए।

# उच्च न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर की सख्त टिप्पणी

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बच्चों की लैंगिक उत्पीड़न से हिफाजत के कानून (पॉक्सो एक्ट) के दुरुपयोग के मामले में सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि संपत्ति हड़पने या संपत्ति विवादों को लेकर परिवार के लोगों के खिलाफ बच्चों के लैंगिक उत्पीड़न समेत गंभीर आरोप लगाने का आमतौर पर काफी चलन हो गया है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने दुष्कर्म समेत पॉक्सो एक्ट के आरोपों वाले मामले में नौ साल जेल में बंद सजायाफ्ता व्यक्ति की अपील मंजूर करके तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह फैसला हरदोई के राम सनेही की जेल से भेजी गई अपील को मंजूर करके दिया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# खुफिया टीम ने मंदिरों में की जांच

## फिरोजपुर महादेव मंदिर में बुधवार को पहुंची था बम निरोधक दस्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** कांवड़ को शांतिपूर्ण कराये जाने तथा उनकी सुरक्षा के मध्यनजर रखते हुए बम स्क्वायड एवं एलआईयू की टीम ने बुधवार को नगर के श्रीशिव दुर्गा मंदिर एवं फिरोजपुर महादेव मंदिर पर जाकर बारीकी से जांच की। बम स्क्वॉड की टीम ने नहर पटरी पर लगने वाले कांवड़ शिविर की जगह जैसे अकबरपुर सादात एवं बटालवी, झुनझुनी, कोहला, करीमपुर में जाकर मशीनों से झाड़ियों में बारिकी से जांच की।

बम स्क्वायड के प्रभारी देवेंद्र सिंह चौहान एवं एलआईयू के बहसूमा, फलावदा प्रभारी मुशीर खान ने बताया कि आगामी 23 जुलाई को महा. शिवरात्रि का पर्व आ रहा है। जिसको लेकर उच्चाधिकारियों के आदेश पर बहसूमा थाना क्षेत्र के सड़कों पर पड़ने वाले मंदिरों पर जाकर बारिकी से जांच की। उन्होंने बताया कि नगर में स्थित श्रीशिव दुर्गा मंदिर, मौडखुर्द में स्थित शिव मंदिर प्राचीन काल फिरोजपुर महादेव मंदिर पर जाकर विभिन्न बिंदुओं पर बारीकी से जांच की। उन्होंने बताया कि उसके बाद नहर पटरी पर लगने वाले कांवड़ शिविर वाली जगह पर मशीनों द्वारा झाड़ियो में जांच की। उन्होंने बताया कि कांवड़ को शांतिपूर्ण कराया जाएगा। इस मौके पर उपनिरीक्षक उदयपाल सिंह, उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार, कांस्टेबल अमन यादव आदि लोग शामिल रहे।

## सरधना में लगेगा विद्युत समाधान मेगा कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में आगामी 17 जुलाई से 19 जुलाई तक बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली समाधान मेगा कैंप का आयोजन किया जायेगा, जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। अवर अभियंता संजीव कुमार ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को अपनी परेशानी के निस्तारण हेतू बिजली विभाग पर चक्कर काटने के बजाय उनकी समस्या का समाधान करने लिए मेगा समाधान कैंप का आयोजन कालंद चुंगी के पास स्थित बिजली घर पर किया जायेगा, जिसकी अवधि 17 जुलाई से 19 जुलाई के बीच रहेंगी। कैंप में उपभोक्ताओं के खराब पड़े मीटर, बिजली बिल, और लंबें समय के चल रही समस्याओं को समाधान कैंप के अंदर ही किया जायेगा।

# शिवभक्तों के आगमन से शिवमय हुआ कांवड़ मार्ग, सेवा में जुटे क्षेत्र के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शिवरात्रि के लिए जल लेकर लौट रहें शिवभक्तों के आगमन से इन दिनों गंग नहर कांवड़ मार्ग व रजवाहे की पटरी पर शिवमय माहौल में रंगी हुई। क्षेत्रीय लोग भी शिवभक्तों की सेवा में दिन रात लगे हुए है। पुलिस प्रशासन भी शिवभक्तों के लिए दिन रात डटे हुए है।

गंगनहर पटरी पर कांवड़ मार्ग से होकर राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली व अन्य राज्यों के लोग जलाभिषेक के लिए जल लेकर लाखों शिवभक्तों का करीब दस दिन तक आगमन लगा रहता है। जिसमें जगह जगह पर ग्रमीणों द्वारा शिविर लगाकर शिवभक्तों के लिए ठहरने व भोजन की व्यवस्था की जाती है। प्रत्येक वर्ष ग्रामीण इन दिनों अपने



काम को छोड़कर भक्तों की सेवा में लीन रहतें है। गंगनहर दौराला पुल पर शिविर लगाने वाले ललित गुर्जर व राजीव ने बताया कि करीब दस दिनों तक कावंड़ मार्ग से कई राज्यों के लाखों शिवभक्त हरिद्वार से जल लेकर अपनों गंणत्वय के लिए चलते है। जिनकी सेवा करने से उनके मन को शांति मिलती है, और भक्तों की सेवा करने से शिव जी के नजदीक जाने का अहसास होता है। जलाभिषेक के दो दिन पूर्व पुरा महादेव की तरफ जाने वाले शिवभक्तों के लिए भी ग्रामीण रजवाहे की पटरी पर शिविरों को संचालन करते है। पुलिस प्रशासन भी कांवड़ यात्रा के लिए दिन रात मुस्तैदी के साथ लगा हुआ।

# उधार दिए शराब के पैसे मांगने पर कैंटीन संचालक पर बोतल से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव झुनझुनी में ठेका देशी शराब की दुकान से उधार के पैसे मांगने पर कैंटीन संचालक पर शराब की बोतल से हमला कर दिया। जिसमें कैंटीन संच. ालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घटना के बाद इस मामले का दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। लेकिन मारपीट की वीडियो वायरल होते ही थाना पुलिस ने आरो. पित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चले कि झुनझुनी नहर पुल पर देशी ठेका शराब की दुकान स्थापित है। उसके बराबर में कैंटीन भी चल रही है। वहा पर शराब पीने वालों का जमावड़ा रहता है। मंगलवार की शाम थाना मवाना क्षेत्र के गांव कौल निवासी मनोज से कैंटीन संचालक सत्यवान ने उधार दी गई। शराब की बोतल के पैसे मांगे तो दोनों में कहासुनी हो गई। जिसमें मनोज ने खाली बोतल उसके मुंह पर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। झगड़े की वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घायल की डाक्टरी कर दी गई और आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि इस मामले में दोनों पक्षों का समझौता चल रहा था।

# घर के बाहर बैठे युवक को तीन हमलावरों ने मारी गोली, हालत गंभीर

**नगर के मोहल्ला तिहाई जुड्डी का मामला, युवक की पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर के मोहल्ला तिहाई में मंगलवार रात अपने घर के बाहर बैठे एक युवक को बाइक सवार तीन हमलावरों ने गोली मार दी। उसके बाद हमलावर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। सीओ मवाना के साथ इंस्पेक्टर मवाना ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। सीओ ने अधिनस्थों को आसपास के सीसीटीवी कैमरों से हमलावरों का पता लगाने को निर्देशित किया। उधर, देर रात पहुंचे मवाना पहुंचे एसपी देहात ने इस मामले में घायल के भाई से पूछताछ की।

मोहल्ला तिहाई निवासी सुनील (32) पुत्र चेतराम मजदूरी का काम करता है। रात करीब सवा नौ बजे वह अपने मकान के बाहर पड़ोसियों के साथ बैठा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गली में बाइक सवार तीन युवक आए और मामूली कहासुनी का बहाना करते हुए तमंचे से उसके सिर में गोली मार दी। गोली लगते हुए सुनील अचेत होकर गिर गया और पास बैठे लोगों में अफरा तफरी मच गई। गोली मारने के बाद हमलावर दूसरी गली से फरार हो गए। सूचना पर सुभाष बाजार चौकी इंचार्ज अनुराग सिंह पहुंचे और उसे तुरंत सीएचसी ले गए, जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। परिजनों के मुताबिक उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस मामले में सुनील की पत्नी आरती ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### एसपी देहात ने ली घटना की जानकारी

देर रात एसपी देहात राकेश मिश्र थाना मवाना पहुंचे और सुनील के भाई प्रवीन से



**घटनास्थल पर पहुंचे एसपी देहात व सीओ मवाना।**

पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। उसके बाद वह सीओ अभिषेक पटेल के साथ घटनास्थल मोहल्ला तिहाई पहुंचे और अधिनस्थों को दिशा निर्देश दिए।

# कांवड़ यात्रियों को मिलता है अश्वमेध यज्ञ जैसा फल

**शिवभक्तों के व्यक्तित्व के विकास में सहायक होती है कांवड़ यात्रा**

**शिव कुमार शर्मा/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** हरिद्वार, गोमुख आदि पावन तीर्थ स्थल से कांधे पर पवित्र गंगाजल लाकर अपने घर के समीप किसी प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा ही कांवड़ यात्रा कहलायी जाती है। श्रावण के पवित्र मास में भोले के भक्तों में अद्‌भुत आस्था उत्साह और अगाध भक्ति के दर्शन होते हैं। केसरिया रंग के कपड़ों में कांवड़ियों के सैलाब में रंग बिरंगी कांवड़ देखते ही बनती है।

सावन में कांवड़ यात्रा निकालने की परंपरा काफी पुरानी है और भगवान शिव की कृपा पाने के लिये कांवड़ यात्रा एक श्रेष्ठ माध्यम है। यह यात्रा शिव भक्तों के व्यक्तित्व के विकास में सहायक होती है। इस यात्रा से शिव भक्तों के व्यक्तित्व का विकास होता है, मन में संकल्प शक्ति और आत्मविश्वास जगता है यहीं कारण है कि सावन में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ में पवित्र जल लेकर शिवलिंगों का जलाभिषेक करते हैं। माना जाता है कि भगवान शिव पूरे श्रावण मास अपनी ससुराल राजा दक्ष की नगरी कनखल हरिद्वार में निवास करते हैं और इन दिनों भगवान विष्णु सहित सभी देवता शयन करते हैं इसलिए तीनों लोको की देखभाल भगवान शिव ही करते हैं यही कारण है कि श्रावण मास में कांवड़िए हरिद्वार आते हैं और गंगा. जल ले जाकर भगवान शिव पर पवित्र गंगा जल चढ़ाते हैं। मान्यता है सबसे पहले भगवान परशुराम ने पुरा महादेव गंगाजल लाकर शिवलिंग का अभिषेक किया था, इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज करोड़ों की संख्या में शिव भक्त हरिद्वार, गोमुख इत्यादि पवित्र स्थलों से कांवड़ लाकर श्रावण मास में शिव पर जल चढ़ाते हैं। वहीं ऐसी ही एक दूसरी मान्यता के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने कांवड़िया बनकर सुल्तानगंज बिहार से देवघर झारखंड स्थित बैजनाथ ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया था ऐसा आनंद रामायण में लिखा गया है। सावन मास में भगवान शिव और भक्तों के बीच दूरी कम हो जाती है इसीलिए भगवान को प्रसन्न कर मनोवांछित फल पाने के लिए कांवड़ यात्रा की जाती है माना जाता है जो शिव भक्त सच्चे मन से श्रावण मास में कांधे पर कांवड़ रख पैदल यात्रा करते हुए बोल बम का नारा लगाते हुए गंगा जल लाते हैं उन्हें अश्वमेघ यज्ञ में जितना फल मिलता है। शिव भक्तों के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मन वांछित फल पाकर शिव भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कांवड़ यात्रा के कुछ नियम भी हैं जिनके अनुसार कांवड़ यात्रा के समय कांवड़िया यात्रा में नशा, मांस, मदिरा, तामसिक भोजन का त्याग करता है और बिना स्नान कर कांवड़ को हाथ नहीं लगाता, भूमि पर बैठकर ही भोजन करता है, भूमि पर ही सोता है इतना ही नहीं शिवभक्त कांवड़ उठा लेता है उसी समय से उसके घर वाले भी सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं।

## डिस्कॉम के समस्त 14 जनपदों में 17 जुलाई से 19 जुलाई तक होगा बिल रिवीजन मेगा कैम्पों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्युत उपभोक्ताओं की बिल संशोधन, नये संयोजन निर्गत करने, विधा परिवर्तन, बिल जमा करने एवं अन्य संबंधित कार्यों की शिकायत के समाधान हेतु मेगा कैम्पों का आयोजन डिस्काम के प्रत्येक वितरण खण्ड में 17, 18 व 19 जुलाई को किया जायेगा। इस बिल रिवीजन मेगा कैम्पों के आयोजन में, समस्त अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त कारपोरेशन मुख्यालय लखनऊ द्वारा वितरण मण्डलों के अन्तर्गत लगने वाले कैम्पों में भ्रमण हेतु 29 अधिकारियों को नामित किया गया है। नामित अधिकारी संबंधित खण्ड मे आयोजत कैम्पो एवं संबंधित खंड के अधिशासी अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियंता को स्थलीय निरीक्षण कर, संबंधितों को मार्गदर्शन/दिशा-निदेश देगें। कैम्पों का आयोजन वितरण खण्ड स्तर पर किया जायेगा। प्रबंध निदेशक ईशा दुहन (आई.ए.एस.) ने उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या मे कैम्पों मे प्रतिभाग करने का आह्वन किया है। उन्होने उपभोक्ताओं को कैम्पों का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने हेतु कैम्प स्थल पर कैम्प के एक दिन पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये हैं। प्रबंध निदेशक ने कहा कि कैम्पों के आयोजन से पूर्व कैम्पों का प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों यथा. स्थानीय समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, एफएम रेडियों, जनप्रतिनिधियों से संवाद, जनसम्पर्क, मुनादी इत्यादि से कराया जाये जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता आयोजित मेगा कैम्पों का लाभ उठा सकें। कैम्प का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सांय पांच बजे तक किया जायेगा।

# किशोर को अगुवा करने के मामले में दो युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गजरौली निवासी पूर्व प्रधान के 13 वर्षीय पुत्र को गांव के ही दो युवकों ने अगवा कर लिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पूर्व प्रधान के पुत्र की तलाश में जुट गई है।

गजरौली निवासी सूबे सिंह उर्फ बबलू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह गांव का पूर्व प्रधान है और उसने पास के गांव रठौरा खुर्द में आटा चक्की व तेल का स्पेलर लगा रखा है। बीती 12 तारीख को वह अपने 13 वर्षीय पुत्र मनु के साथ अपनी दुकान पर था। गांव निवासी दो युवक उसकी दुकान के इर्द-गिर्द चक्कर लगा रहे थे। सुबह के समय वह दुकान से



**13 वर्षीय मनु।**

किसी काम के लिए चला गया तो उक्त दोनों युवकों ने मनु से काफी देर तक बातचीत की। उसके बाद वे दोनों वहां से चले गए। दोपहर में मनु खाना खाने घर चला गया। खाना खाने के बाद जब मनु अपने छोटे भाई 7 वर्षीय प्रण के साथ दुकान पर आने के लिए घर से निकला तो गांव निवासी विशाल रठौरा खुर्द की ओर से स्कूटी लेकर आया और मनु को अपने साथ बैठाकर चल दिया। जब उसकी पत्नी ने आवाज लगाई तो विशाल ने कहा कि कुछ देर में लौट आएंगे, लेकिन उसके बाद से मनु घर नहीं लौटा। आरोप है कि विशाल व उसके साथी नितिश ने मिलकर मनु को अगवा कर लिया है। पीड़ित थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने नामजदों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर मनु और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित परि. जनों ने किसी अनहोनि घटना की आशंका जताते हुए पुलिस ने मनु को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने कांवड़ियों को किया प्रसाद वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कुराली सेवा समिति ने कांवड़ सेवा शिविर में बुधवार को मुख्य अतिथि गौरव चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष ने पहुच कर शिव भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि कांवड़ मार्गों पर लाइटिंग मोबा. इल टॉयलेट की व्यवस्था बना दी गई अगर कोई बिना वजह पुलिस या सरकारी कर्मचारी परेशान करता है तो उन्हे सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि मनोज चौहान कुराली समाजसेवी जनता के बीच रहकर सेवा करते रहते हैं और भोलो की सेवा में भी एडिंग है वह ऐसे व्यक्ति की सराहना करते हैं। उन्होंने फीता काटकर उद्‌घाटन किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अतुल पुनिया, टीकाराम, राकेश भोला, गुलाब, जतिन कुराली, पवन टिकरी आदि मौजूद रहे।

# शोभित विश्वविद्यालय में नौ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित डीम्ड विश्वविद्यालय मेरठ के स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग एंड लाइफ साइंसेज द्वारा संचालित नौ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन सात जुलाई से 15 जुलाई तक किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अभिनव महावीर कैंसर संस्थान, पटना द्वारा पर्यावरण विषय विज्ञान की निगरानी और इसके जनस्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान से हुई।

प्रोफेसर डॉ. रेखा दीक्षित सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि ने फसल सुधार के लिए क्रिस्पर -कैस 9 आधारित जीनोम एडिटिंग पर व्याख्यान दिया। डॉ. कुमार गौरव एमिटी विश्वविद्यालय, हरियाणा ने सतत् जैव ईंधन उत्पादन में चुनौतियां और नवाचार विषय पर चर्चा की। डॉ. अनीता कुमारी केंद्रीय विवि, हरियाणा ने गैर-संचारी रोगों की रोकथाम हेतु आहार प्रबंधन और रणनीतियों पर व्याख्यान दिया। डॉ. अमित धीर थापर विश्वविद्यालय, पटियाला ने थापर मॉडल के बारे में बताया, जो जल अपशिष्ट उपचार के लिए विकेन्द्रीकृत दृष्टिकोण तथा जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित था। डॉ. तेजपाल धोवा केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा ने स्वयं और स्वयं प्लस प्लेटफार्म के माध्यम से भारत की हालिया ई-लर्निंग पहलों पर जानकारी दी। डॉ. रंजना पांडेय शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा ने खाद्य उद्योग पर जैव प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. नीलेश कपूर सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सतत् कृषि के लिए नैनो उर्वरकों के नवीन दृष्टिकोण विषयक व्याख्यान के साथ हुआ। इस सत्र का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शोध एवं औद्योगिक प्रौद्योगिकियों से अवगत कराना था ताकि वे छात्रों को भी इस दिशा में प्रेरित कर सकें। इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर जयानंद ने सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों को ऐसे वैज्ञानिक मंच से जुड़ने के लिए बधाई दी और ज्ञान के आदान-प्रदान हेतु फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की आवश्यकता बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड लाइफ साइंसेज के निदेशक प्रोफेसर दिव्या प्रकाश ने इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षण और अनुसंधान के नए दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। एफडीपी समन्वयक रुपेश कुमार ने सभी विशेषज्ञ वक्ताओं, प्रतिभागियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभिन्न संकाय सदस्य, डाक्टर संदीप कुमार, डाक्टर संजुक्ता, डाक्टर मोनिका चौधरी, प्रियांक भारती, अविताज, सोनिया और मानसी उपस्थित रहे और अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया।

## फलावदा चेयरमैन ने दो शिक्षण कक्षों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के जावित्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को ऊपरी तल पर दो शिक्षण-कक्षों के निर्माण कार्य का शुभारंभ चेयरमैन अशोक कुमार सैनी प्रबंधक प्रदीप कुमार विश्नोई ने किया। पिछले दिनों विद्यालय में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में चेयरमैन अशोक कुमार सैनी व प्रबंधक प्रदीप बिश्नोई ने एक-एक शिक्षण-कक्ष के निर्माण की घोषणा की थी। उसी क्रम में दोनों ने अपनी घोषणाओं को मूर्त रूप देते हुए आज शिक्षण-कक्षों के निर्माण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के उपाध्यक्ष विजय कुमार विश्नोई, विकास अग्रवाल, भास्कर अग्रवाल, विवेक कुमार सैनी, पं. राजेंद्र शर्मा, सभासद कुसुमलता बिश्नोई एवं आर्यन आदि अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाचार्य सुबोध सिंह ने किया। इस दौरान समस्त स्टाफ ने सहयोग किया।

# पार्टी का नेतृत्व करने में नाकाम हो रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव भाटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में कांग्रेस पार्टी खुद को स्थापित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। राहुल गांधी गांव-गांव शहर-शहर घूम कर लोगों के दिलों में कांग्रेस के लिए जगह बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष भी पूरी ताकत के साथ पार्टी का जनाधार बढ़ाने में लगे हैं। इसी को लेकर बीते दिनों कांग्रेस ने मेरठ की कमान जिला अध्यक्ष के रूप में गौरव भाटी को सौंप दीं लेकिन गौरव भाटी को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपकर शायद कांग्रेस ने मेरठ के अंदर अपना बचा कुचा जनाधार भी खो दिया है। गौरव भाटी ना तो पार्टी का नेतृत्व कर पा रहे हैं और ना ही जनता तक पार्टी की नीति और पार्टी को पहुंचा पा रहे हैं। जो कुछ भी पहचान पार्टी के पास है वह सिर्फ राहुल गांधी की देन है। साथ ही साथ रंजन शर्मा जो कि गौरव भाटी के साथ ही महानगर अध्यक्ष बनाए गए थे कुछ हद तक उनका गुट काम करता हुआ दिखाई दे रहा है और महानगर अध्यक्ष के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजल भी लगे हुए हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी भी रंजन शर्मा गुट के साथ नजर आ रहे हैं। गौरव भाटी जिला अध्यक्ष होने के बावजूद भी पूरे जिले में अलग थलग दिखाई दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि वह जनता से दूरी बनाकर रखते हैं, लोगों में घुल मिल नहीं पाते इसीलिए वह सबसे अलग दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस ने जिले का चुनाव करते वक्त गौरव भाटी की सदस्यता तो देख ली कि वह कितने पुराने हैं लेकिन शायद उनकी काबिलियत देखना भूल गए। उत्तर प्रदेश में 2027 का सियासी मैदान तैयार होने लगा है। मेरठ एक क्रांतिधरा है जो अलख मेरठ से जगती है वह पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर फैलती है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बीती तीन योजनाओं से मेरठ की धरती से ही अपना सियासी शंखनाद बजाते रहे हैं। ऐसे में मेरठ को इग्नोर करना कांग्रेस के लिए एक बहुत बड़ी गलती साबित हो सकती है। अगर जल्द ही कांग्रेस ने अपने नेतृत्व पर ध्यान नहीं दिया तो शायद उत्तर प्रदेश में उसका सियासी सूखा एक बार फिर पांच साल के लिए बंजर जमीन की तरह ही दिखाई देगा। मेरठ के अंदर कांग्रेस के बीच कितनी बड़ी गुटबाजी हो रही है यह बात भी किसी से छुपी नहीं है जिसे देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि शायद कांग्रेस का नेतृत्व करने में गौरव भाटी नाकाम साबित हो रहे हैं।

# सरधना के पूर्व चेयरमैन ने टीकाकरण के लिए लोगों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को गावी जीरो डोज इम्पलीमेन्टशन प्रोग्राम के तहत सरधना के पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी व चेयरमैन पुत्र शाहवेज अंसारी से 0-5 साल तक के बच्चों के नियमित टीकाकरण व जीरो डोज चिल्ड्रन, वेब परिवारों विरोधी परिवार को लेकर चर्चा की गयी तथा नगर पालिका परिषद में वार्ड मेंबरों की मीटिंग के जरिए एवं कोटेदार मीटिंग के जरिए ओर अर्बन लोकल बॉडी के जरिए लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया जाए।

चेयरमैन ने कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ऑडियो के माध्यम से टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने में सरधना नगर मै कूड़े की गाड़ियों द्वारा ऑडियो के माध्यम से चलवाने का आश्वासन दिया। जिसमें शाहवेज अंसारी ने कहा की टीकाकरण लगवाने से व्यक्ति, परिवार और



समुदाय को बीमारियों से बचाता है। यह न केवल बीमारियों को रोकने में मदद करता है, बल्कि उनके प्रसार को भी कम करता है, जिससे एक स्वस्थ समाज बनता है। हमे बच्चों मैं जरूर टीकाकरण कराना चाहिये। टीकाकरण एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय है जो व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। यह एक महत्वपूर्ण निवेश है जो एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज बनाने में मदद करता है। जिसमें गावी पीसीआई इण्डिया के सीएसओ कोर्डिनेटर प्रवीण कौशिक, गावी पीसीआई इण्डिया के क्लस्टर कोर्डिनेटर मोहित खटीक एवं आबिद सलमानी, शाहिद मलिक सभासद, सईद कुरैशी, कदिर अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# विवाहिता ने की जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र के रठौंडा गांव में अपने मायके में रह रही एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर ली जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार रठौडा गांव निवासी मनिषा उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्री तेजवीर बाल्मीकि कि शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व कुन्दन निवासी सिद्दीपुर थाना दादरी नोएडा के साथ हूई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही पति पत्नी मे मन मुटाव हों गया जिसके चलते विवाहिता मनीषा काफी समय से अपने मायके रठौडा में ही रह रही थी। पति से मन मुटाव को लेकर मनीषा ने मंगलवार की देर रात घर पर रखी सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली सुबह जब परिजनों को इस बात की जानकारी हुई तो परिजनों ने आनन-फानन से मनीषा को डाक्टर के पास लेकर गए जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। इसकी सूचना परिजनों ने थाना छपरौली को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी देवेश कुमार शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना सुबह मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची उन्होंने बताया कि मृतका ने अपने हाथ पर पेन लिखा हुआ था कि मेरी मौत का जुमेदार मेरा पति कुन्दन है। इस विषय में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है तहरीर आने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



मृतका का फाइल फोटो



# बिजली लाईन में फाल्ट के चलते ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** टुकाली गांव में बिजली फाल्ट के चलते गांव के लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जर्जर बिजली के तारो को बदलवानें की मांग की है।

टुकाली फुलैरा गांव में बिजली में फाल्ट के चलते 24 घन्टे बीत जाने तक बिजली न आने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जो बिजली के केवल वाली लाईन लगायी गयी है। वह घटिया क्वालिटी की लगी है जिस कारण आय दिन केविल टूट जाता है। बिजली फाल्ट के चलते बिजली न आने के कारण ग्रामीणों के रोजमर्रा के कार्य ठप पड़े है। ग्रामीणों ने बताया कि वह कई बार शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि कोई अधिकारी तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने समस्या को देखते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की है।

## एक नजर

### 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपए के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 40 लाख की रकम नहीं लौटाई थी और व्यापारी को डोला गांव में बुलाकर उसकी हत्या कर दी थी। मुठभेड़ में घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है और मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। मृतक व्यापारी राहुल की पत्नी ने 5 जुलाई को थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था और बताया था कि 40 लाख रुपए की उधारी वापस देने के लिए इंद्रपाल सचिन और 2 से 3 अज्ञात लोगों ने राहुल को अपने गांव डोला बुलाया था और इसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए राहुल के शव को 6 जुलाई की गोसपुर गांव के जंगल से बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मुख्य आरोप इंद्रपाल भगत को गिरफ्तार किया था। राहुल का दूसरा हत्यारा सचिन जो फरार चल रहा था उसपर एसपी ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था। मंगलवार की देर रात्रि में मुखबिर की सूचना पर थाना सिंघावली अहीर पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी तभी सचिन पुलिस को देखकर भागने लगा और पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार करते हुए पुलिस के अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाश के पास से एक अवैध तमंचा और 2 जिंदा कारतूस और मृतक राहुल की एक एक्टिवा बरामद की है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। एएसपी एनपी सिंह ने बताया कि की 25 हजार के ईनामी बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है।

# वाल्मीकि नवयुवक संघ सदस्य मदन को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** क्षेत्र के गांव किशनपुर बिराल में अ.भा.वा. नवयुवक संघ के सदस्य को 13वीं के अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए हवन का आयोजन किया गया तथा श्रद्धांजलि कार्यक्रम के माध्यम से समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। छपरौली ब्लॉक अध्यक्ष उपेंद्र गहलोत ने उनके जीवन से जुड़ी घटनाएं बताई नवयुवक संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सादर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की मीडिया प्रभारी अक्षय कुमार ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की इसके बाद पगड़ी रस्म कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें गुलाब सिंह वह सुदेश भगत को परिवार व समाज के लोगों द्वारा जिम्मेदारी की पगड़ी सौंपी गई छोटे भाई विनोद ने अपने भाई के सपनों को साकार करने का वादा किया। इस अवसर पर हरवीर सिंह राजू जगपाल सिंह इंद्रपाल जसवीर सिंह राजकुमार विनोद पदम प्रमोद बिल्लू भगत रेगपाल यशपाल सोनू महावीर फौजी महेश हरेंद्र रमेश रोहित अमित अंकित लविश अभिषेक सचिन संदीप मोनू मनीष लखन विशाल आदि उपस्थित रहे।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर ट्रक-टैंपो की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सरफाबाद गांव के समीप आगे चल रहे ट्रक के ब्रेक लगाने से टेम्पो की भिड़ंत हो गयी जिसमे एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिर्जापुर के सम्भल निवासी 33 वर्षीय रियाज पुत्र मिजाज अपनी पत्नी शहनाज के साथ टेम्पो द्वारा हरियाणा जा रहे टेम्पो में अन्य लोग भी थे। टेम्पो जब ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सरफाबाद गांव के समीप पहुंचा तो आगे चल रहे एक ट्रक ने ब्रेक लिया जिससे टेम्पो से उसकी भिड़त हो गयी और टेम्पो डिवाइडर पर जा टकराया जिससे टेम्पो में बैठे रियाज उसकी पत्नी शहनाज और शीशपाल घायल हो गये। सूचना मिलते ही पुलिस मौकें पर पहुंच गयी और घायल रियाज को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाने लगे जहा रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है।



मृतक का फाइल फोटो

# घरेलू विवाद में युवक ने जहर खाकर जान दी

## बिना पुलिस को सूचना दिए अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** परिजनों के डांटने से परेशान युवक ने जहर खाकर जान दे दी। घटना से घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना परिजनों को सूचना दिये शव का अन्तिम संस्कार कर दिया है। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाले 38 वर्षीय युवक का किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद चल रहा था। जिसे लेकर युवक बीते दो-तीन दिन से युवक तनाव में था। बताया जा रहा है कि बुधवार को इसी घरेलू विवाद के चलते 38 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घर पहुंचे शव का खामोशी से अंतिम संस्कार कर दिया। युवक द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम की जानकारी से पुलिस ने इनकार किया है। इस समय युवा पीढ़ी को परिजनों की नसीहत बुरी लग रही है। बात-बात पर वह जान दे रहे हैं। यह मामला भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### प्लॉट में बुजुर्ग का पड़ा मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बड़ौली गांव में एक प्लॉट से बुजुर्ग का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो अपलोड किए। इससे शव की पहचान फतेहपुर पुट्ठी गांव निवासी शिवकुमार 90 वर्षीय के रूप में हुई। मृतक के बेटे हरेंद्र ने बताया कि उनके पिता 11 जुलाई को सुबह 8 बजे घूमने के लिए निकले थे। वह कुछ समय तक विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज में नजर आए, लेकिन बाद में बावली गांव के आसपास उनका कोई सुराग नहीं मिला। हरेंद्र ने बिनौली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार की शाम को पुलिस ने हरेंद्र को शव मिलने की सूचना दी। हरेंद्र ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान अपने पिता के रूप में की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किसान दिवस में किसानों ने रखीं अपनी प्रमुख समस्याएं, समाधन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी नीरज श्रीवास्तव और कृषि अधिक. ारी बाल गोविंद यादव एवं आदि अधिकारीण कर्मचारीगण और विभिन्न किसान संगठनों के पदा. धिकारी और किसान भी मौजूद रहे।

किसान दिवस के दौरान किसानों ने अपनी प्रमुख समस्याएं रखीं। इनमें बकाया गन्ना भुगतान, विद्युत आपूर्ति, राजस्व विभाग से जुड़े मुद्दे और खाद की उपलब्धता शामिल थी। कार्यक्रम के दौरान किसान नेताओं के बीच नोकझोंक भी हुई, जिसे अधिकारियों ने समझा-बुझाकर शांत कराया। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीटू नैन ने कहा कि अधिकारी समस्याएं तो सुनते हैं, लेकिन समाधान नहीं करते। उन्होंने बताया कि गन्ने का भुगतान समय पर नहीं हो रहा है। बिजली की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। खाद गोदामों में खाद की कमी से किसानों को परेशानी हो रही है। राजस्व विभाग के लेखपाल मनमानी कर रहे हैं। भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर ने अधिकारियों से समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। अधिका. रियों ने सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।



# 29 साल से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

## गजरौला में छिपकर रह रहा था आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** पुलिस ने चोरी के मामले में 29 साल से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जेल से छूटकर आने के बाद वह गजरौला में छिपा हुआ था। अदालत ने उसका रेड वारंट जारी किया था। बुधवार को पुलिस ने वारंटी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव कलाली निवासी खुर्शीद के खिलाफ साल 1996 में चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। जेल से छूटकर आने के बाद से वह इस मुकदमे की तारीख पर अदालत में हाजिर नहीं हो रहा था। इसके बाद खुर्शीद परिवार समेत गायब हो गया था, ग्रामीणों को भी उसकी कोई जानकारी नहीं थी। करीब 29 साल से फरार खुर्शीद के अदालत से बीते दिनों रेड वारंट जारी हुए थे।

### ड्रग विभाग की मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सरूरपुर कला गांव में ड्रग विभाग ने कावड़ यात्रा को देखते हुए मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी की। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर मोहित कुमार ने यह कार्रवाई की। बड़ौत-बागपत हाइवे स्थित कावड़ मार्ग पर पांच मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। इनमें आशीष मेडिकल स्टोर, साक्षी मेडिकल स्टोर, लक्की अक्की मेडिकल स्टोर, राज मेडिकल स्टोर शामिल हैं। इन दुकानों से 7 संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर मोहित कुमार ने स्टोर संचालकों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान सभी जरूरी दवाएं स्टोर पर उपलब्ध रखी जाएं। दवाओं की ओवर रेटिंग न की जाए। एंटी रेबीज वैक्सीन की भी जांच की गई है। इंस्पेक्टर ने चेता. वनी दी है कि नियमों का उल्लंघन न किया जाए। प्रतिबंधित दवाएं बेचने पर कार्रवाई होगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार द्वारा स्कूलों को बंद करने के निर्णय के विरोध में अधिवक्ताओं ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को बागपत न्यायालय परिसर मे एडवोकेट रासिद तस्लीम के चैम्बर पर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता जिला बार के पूर्व अध्यक्ष सोमेन्द्र ढाका तथा संचालन एड.समोद पंवार ने किया।

इस दौरान बैठक में अधिवक्ताओ ने सरकार द्वारा विद्यालयों को बंद करने के निर्णय का घोर विरोध किया। बैठक के दौरान एडवोकेट महेश रंगा ने कहा कि यह बड़ा दुर्भाग्य पूर्ण है कि सरकार ने शराब के ठेको की संख्या में तो बड़ी मात्रा मे वृद्धि कर दी है, लेकिन स्कूलों को बंद कर रही है। इस दौरान एडवोकेट फिरोज ने कहा कि सरकार शिक्षा के निजीकरण पर जोर दे रही है, ओर गरीब मजदूर के बच्चों से शिक्षा दूर कर रही है। एडवोकेट हर्ष वशिष्ठ ओर तेजपाल भाटी ने कहा कि सरकार को अपना शिक्षा विरोधी निर्णय तुरंत वापस लेना होगा क्योंकि अच्छी ओर मुफ्त शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है ओर अधिवक्ता समाज बच्चों के शिक्षा के कानूनी अधिकार कि हर कीमत पर रक्षा करेगा। बैठक में आरिफ, सुरजीत अजित, अजय वर्मा, गिरीश, नेतृपाल, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। डीएम अस्मिता लाल और एसपी सूरज कुमार राय ने बड़ौत, दाहा, भड़ल और पुसार में कावड़ मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। 66 मोबाइल कावड़ बाइक टीमें तैनात की गई हैं।

सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। बागपत के रास्ते हरियाणा, राजस्थान, नोएडा और गाजियाबाद से शिवभक्त कांवड़ यात्रा करते हैं। महाशिवरात्रि पर बागपत के ऐतिहा. सिक पुरा महादेव मंदिर पर लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। एसपी ने पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि डयूटी में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डीएम-एसपी ने बॉर्डर चौकियों का भी निरीक्षण किया। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य है कि शिवभक्तों को यात्रा के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो। स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है।



### एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को उपनिदेशक पंचायत, मेरठ मण्डल, मेरठ के कुशल मार्ग निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना तहत वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स पीएआई ऋसंस्करण 1.0 के प्रसार एवं संस्करण 2.0 के प्रसार हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकासखंड पिलाना जनपद बागपत में किया गया जिसका उद्घाटन सहायक विकास अधिकारी पंचायत, प्रतिनिधियों एवं सचिव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 पर सभी प्रतिभागियों को मास्टर ट्रेनर श्री प्रवीण कुमार, सुश्री निशा एवं वरिष्ठ फैकल्टी हापुड़, डा.दीपक सिंह द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ फैकल्टी मेरठ चरणजीत मौजूद रहे।

# सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर भूजल रथ किया रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जनपद बागपत में 16 जुलाई से 22 जुलाई के मध्य भूजल सप्ताह का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव द्वारा विकास भवन से हरी झंडी दिखाकर भूजल रथ की रवानगी की गई। जो प्रत्येक ग्राम पंचायत में जाकर ग्राम पंचायत जागरूकता अभियान चलाएगी। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अटल भूजल योजना सर्वेश कुमार, सहायक अभियंता लघु सिंचाई डालचंद, अमित कुमार देशवाल अवर अभियंता लघु सिंचाई, अमित कुमार श्रीवास्तव, घनेंद्र सिंह एग्रीकल्चर एक्सपर्ट, समस्त ब्लसक कोऑर्डिनेटर एवं राहुल शर्मा, अंजली नैन, अमित कुमार द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# कांवड़ मार्ग पर चारों तरफ हो रही बम बम भोले की जयकार

**शाह टाइम्स संवादाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र की सड़के केसरिया रंग में रंगने लगी हैं। चारों तरफ कावड़ मार्ग पर बम बम भोले की जय जयकार हो रही है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़िए निकल चुके हैं और भगवान शिव के जयकारे गूंज रहे हैं। कांवड़िए भी गंगाजल लेकर अपनी मंजिल की तरफ बढ़ रहे हैं और हर कोई उनका स्वागत करने के लिए घरों से बाहर आ रहा है। सावन माह शुरू होते ही कांवड़ियों की संख्या भी बढ़ने लगी है। हरिद्वार व गोमुख से कांवड़िए बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग से राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा की तरफ रवाना हो रहे हैं। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़िए हर-हर महाद. `व, बोल बम-बम के जयघोष के साथ नाचते-गाते शिवालयों की तरफ बढ़ रहे हैं। मार्ग भी भोले की जयघोष से भक्तिमय होते जा रहे हैं। क्षेत्र के लोग भी कांवड़ियों की सेवा करने में जुटे हैं और उनका स्वागत कर रहे हैं। क्षेत्र में एक से बढ़कर एक कावड़ एवं कावड़िया कोई शिव भक्त 121 लीटर गंगाजल तो श्रद्धालु 151 गंगाजल तो कोई भोले का भक्ति 175 लीटर गंगा जल लेकर अपने कंधों पर लेकर चल रहा है। सभी शिव भक्त अपनी-अपनी इच्छा के अनुसार अपने कंधों पर गंगाजल लेकर चल रहे हैं।

हरियाणा सोनीपत के कावड़िया नरेंद्र शर्मा विनोद शर्मा पंकज शर्मा रवि गुप्ता दिनेश गुप्ता प्रवेश गुप्ता सुंदरपाल कश्यप हुकम सिंह राजवीर सिंह का कहना है कि शिव की भक्ति में नील होकर सुख शांति व सरकारी नौकरी के लिए कांवड़ लेकर आए है जब हम भोले शिव शंकर से मस्तक झुका कर अपनी मनोकामना के लिए उनकी भक्ति करते हैं तो भगवान शिव भी अपने भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। हम सच्ची श्रद्धा भाव से शिव की महिमा का गुणगान करते हुए नंगे पैर चलते हुए अपने शिवालय में जलाभिषेक करेंगे।



### शिक्षा मंत्री से मिले शिक्षक विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हापुड़ में दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर कुछ दिन पूर्व दुर्घटना में घायल हुई प्रदेश की माध्यमिक शिक्षामंत्री गुलाब देवी से मिलने के लिए बुधवार को शिक्षक विधायक डॉ. हरिसिंह ढ़िल्लो और सिद्धार्थ बोर्डिंग एकेडमी के प्रबंधक रविराज सिंह पहुंचे। बता दें कि दुर्घटना के बाद शिक्षा मंत्री का उपचार दिल्ली स्थित एम्स में चल रहा था।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र गौरव व पुत्रवूध रिया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

रजनीश पुत्र मंगत निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र पंकज व पुत्रवूध वंशिका से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

शीशपाल पुत्र नवाब सिंह निवासी ग्राम हलालपुर तहसील बडौत जनपद बागपत।

# खाद विक्रेताओं के 32 स्थानों पर छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के आदेश पर मंगलवार को जिलेभर में उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान तहसीलवार टीम गठित कर कुल 32 स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया।

हापुड़ सदर तहसील में तहसीलदार हापुड़ और जिला कृषि अधिकारी की संयुक्त टीम ने नई मंडी स्थित इफको किसान सेवा केंद्र और गन्ना समिति के उर्वरक बिक्री केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गन्ना समिति का केंद्र बंद मिला, जिस पर संबंधित प्रबंधक को नोटिस जारी किया गया। गढ़ तहसील में उपकृषि निदेशक के नेतृत्व में तहसीलदार गढ़ की टीम ने कई दुकानों पर छापेमारी की, वहीं धौलाना तहसील में तहसीलदार के साथ अपर जिला कृषि अधिकारी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर कई दुकानों पर नियमों के उल्लंघन के प्रमाण पाए। छापेमारी के दौरान कुल 9 उर्वरक नमूने जांच के लिए भेजे गए, ताकि खाद की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच की जा सके। इसके अतिरिक्त 7 दुकानदारों को उर्वरक नियंत्रण आदेशों की अवहेलना पर नोटिस दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद की गुणवत्ता और आपूर्ति में कोई भी अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी ऐसी छापेमारी लगातार जारी रहेंगी।



## चोरी के समान के साथ चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड देहात पुलिस ने थाना क्षेत्र मे हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक चोर गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि थाना हापुड देहात पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र मे हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक चोर नकुल पुत्र अमरीश उर्फ डब्बल को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से चोरी के चांदी के आभूषण, एलईडी टीवी, मोटर साइकिल एवं अवैध चाकू बरामद हुआ है। चोर की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## हैंडिकैप्ड स्कूल में बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने पहुंची पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाज में सुरक्षा और कानून व्यवस्था के साथ-साथ संवेदनशीलता और सेवा की मिसाल पेश कर रही है हापुड़ पुलिस। इसका एक जीवंत उदाहरण थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मसूरपुर बाईपास पर स्थित गौतम बुद्ध हैंडिकैप्ड चैरिटेबल स्कूल में देखने को मिला जहां पुलिस अधिकारियों ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनके जीवन में खुशियों के रंग भर दिए। इस विशेष विद्यालय में अध्ययनरत विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए थाना देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता एवं थाना हाफिजपुर प्रभारी आशीष कुमार द्वारा नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, पौष्टिक फल एवं मिठाइयाँ वितरित की गईं। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से आत्मीयता से संवाद किया, उनके सपनों और पढ़ाई के विषय में बातचीत की और उन्हें जीवन में कभी हार न मानने का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप सभी समाज का अभिन्न अंग हैं और हम सभी आपके साथ खड़े हैं। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक, कर्मचारीगण एवं अभिभावक भावविभोर हो उठे। विद्यालय प्रबंधन ने हापुड़ पुलिस के इस संवेदनशील एवं प्रेरणादायक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सहभागिता बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करती है। पुलिस द्वारा की गई इस सकारात्मक पहल ने न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि वर्दी में सिर्फ सख्ती नहीं संवेदनशीलता भी होती है।



# किसानों के हक में 20 अगस्त को होगी महापंचायत: अनीश गाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनीश गाजी एडवोकेट ने जनपद हापुड़ के आवास विकास कॉलोनी, बुलंदशहर रोड पर पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने किसान हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए बताया कि आगामी 20 अगस्त को मेरठ कमिश्नरी पर किसानों की एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।

इस महापंचायत के मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रिशिपाल अंबावता होंगे। अनीश गाजी ने कहा कि इस ऐतिहासिक पंचायत में पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित देशभर से हजारों किसान शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह महापंचायत केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि किसानों की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक निर्णायक कदम होगी। प्रवक्ता अनीश गाजी ने कहा कि ये मांगें किसान समाज के सम्मान, सुरक्षा और भविष्य की गारंटी से जुड़ी हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि अब वक्त आ गया है कि किसानों को सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस नीतिगत निर्णय दिए जाएं। इस प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के विस्तार की घोषणा भी की गई, जिसमें बलराज मावी जिला अध्यक्ष बुलंदशहर, जाकिर अंसारी, हरिओम भड़ाना, हाजी अलाउद्दीन, जुनैद भाई, भाई जियाउद्दीन और आज़ाद भाई प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अनीश गाजी ने सभी किसान संगठनों, नेताओं और जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे 20 अगस्त को मेरठ पहुंचकर इस किसान शक्ति को एकजुटता के साथ मजबूत करें।



# छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के तत्वावधान में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्नातक पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि, मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की प्रतिबद्धता आंकलन करते हुए प्रोत्साहित करना हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के सचिव डा. रोहन सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल, महानिदेशक प्रोफेसर डा. सुभाष गौतम, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य डा. निधि मालिक, डीन, प्राचार्य, सभी विभागाध्यक्ष आदि ने दीप प्रज्वलन करते हुए किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में बीसीए, बीबीए, बीएससी,बीकॉम एवं बीए जैसे पाठ्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। इस समारोह में न केवल प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया, बल्कि अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिली कि वे भी उच्चतम लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए अच्छे अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपना नाम करा सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी, कैंपस मैनेजर, चीफ प्रॉक्टर, एवं स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।




# जिलाधिकारी के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के.सी. पांडेय के नेतृत्व में हापुड़ जिले के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने मिलकर वर्तमान जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन उपजिलाधिकारी मनोज सिंह एवं उपजिलाधिकारी रमेश चंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से स्वीकार किया।

ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि हापुड़ की जनता जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निष्पक्ष, संवेदनशील व पारदर्शी प्रशासनिक कार्यों से अत्यधिक संतुष्ट है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पांडेय का कार्यकाल आम जनमानस के लिए एक आदर्श साबित हुआ है। वे न केवल जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समर्पित हैं, बल्कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर अभियान चलाकर जिले को एक नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी स्पष्ट किया कि हाल ही में एक निलंबित लेखपाल की आत्महत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को आधार बनाकर कुछ असामाजिक तत्व एक कर्मठ और सजग जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय को निशाना बनाकर षडयंत्रपूर्वक हटाने का प्रयास कर रहे हैं, जो हापुड़ ही नहीं, पूरे प्रदेश के ईमानदार अधिकारियों के मनोबल को ठेस पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने मांग की कि इस दुर्भावनापूर्ण प्रयास को मुख्यमंत्री द्वारा रोका जाए और जिलाधिकारी को आशीर्वाद व समर्थन प्रदान कर जनहित में उनकी सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि लेखपाल की आत्महत्या दुखद है और सभी की संवेदनाएं परिवार के साथ हैं, लेकिन इसके लिए एक निष्पक्ष, ईमानदार और जनप्रिय अधिकारी को गलत तरीके से बदनाम करना न्यायसंगत नहीं है। हापुड़ की जनता ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि वह एक कर्मठ, सजग और जनता के प्रति जवाबदेह जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय को अपना संरक्षण प्रदान कर हापुड़ जैसे ज़िले को भ्रष्टाचार से मुक्त और विकासशील बनाए रखने की दिशा में मजबूती प्रदान करें।

# रोटरी क्लब ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए 150 पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रोटरी क्लब हापुड़ डायमंड ने अपने नए सत्र का आगाज़ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत एक प्रेरणादायक और पर्यावरण-हितैषी पहल के साथ किया है। इस एक पेड मां के नाम अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ शक्ति का सम्मान करना है।

क्लब की अध्यक्ष पूनम कर्णवाल के नेतृत्व में क्लब के सभी सदस्यों ने दिल्ली रोड स्थित हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की आनंद विहार योजना में लगभग 150 पौधे लगाए। क्लब की सचिव शिखा बंसल ने बताया कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति क्लब की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि रोटरी क्लब हापुड़ डायमंड समय-समय पर विभिन्न सामाजिक और पर्यावरणीय परियोजनाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करता रहा है। एक पेड मां के नाम अभियान के तहत इस पहल के तहत लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल करना और संरक्षण की ज़िम्मेदारी रोटरी क्लब हापुड़ डायमंड के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने ली है। इस भावनात्मक पहल का लक्ष्य केवल हरियाली बढ़ाना ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना भी है। रोटरी क्लब हापुड़ डायमंड ने भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और पर्यावरणीय प्रोजेक्ट्स को जारी रखने का संकल्प लिया है। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की जमकर सराहना की है और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया है। यह पहल निश्चित रूप से अन्य सामाजिक संगठनों और व्यक्तियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकती है।

## एक नजर

### सात दिन पूर्व नहर में कूदे व्यक्ति का नहीं लगा कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव बड्डा में नहर में कूदकर जान देने वाले व्यक्ति महेश निवासी गांव लाड़पुर का सात दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजन ने हापुड़ और जनपद बुलंदशहर क्षेत्र की सीमा तक उनको तलाश किया है।

गांव निवासी महेश छह दिन पूर्व मानसिक तनाव के चलते अपने घर से सिंभावली के गांव बड्डा पहुंचा गया। वहां उसने अपने भाई श्योदान सिंह को फोन कर नहर में कूदने की बात कहीं थी। तभी से उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। तीन दिन से निंरतर उनको तलाश कर रहे है। परिजन ने पुलिस का सहयोग लेते हुए नहर का पानी कम करने की मांग की थी। पुलिस ने नहर सिंचाई विभाग से वार्ता कर पानी कम कराने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका हैं।

### मकान पर कब्जे के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी फैमिदा ने बताया कि उसकी पुत्रवधू ने पिछले दिनों उन पर दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस मामले में उनके द्वारा जमानत भी करा ली गई है, लेकिन अब उसकी पुत्र वधू अपने मायके वालों के साथ उसके घर आई और उनके पिटाई कर दी। पीड़िता ने बताया कि वह उसके मकान पर कब्जे के प्रयास कर रही है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुत्र वधू पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव सरुरपुर निवासी महिला ने पुत्रवधू पर पिटाई करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत पर आरोपी ने बेटे से तलाक देने की मांग की है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी नसीम ने बताया कि वह मूल रूप से आसाम की रहने वाली है। इसलिए उसका मायका का कोई भी व्यक्ति आस पास में नहीं रहता है। पीड़िता ने बताया कि उसके बेटे के पत्नी आए दिन उसके साथ उत्पीड़न करती है। पीड़िता ने बताया कि बुधवार को भी उसने उसको पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने बताया कि जब उसने बेटे से शिकायत की तो उसने बेटे से भी तलाक देने की मांग की। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के पबला रोड स्थित दिनेश नगर आवासीय कॉलोनी में बुधवार सुबह एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार मृतका निधि राणा कुछ समय से दिनेश नगर आवासीय कॉलोनी के टावर नंबर 32 में किराए के मकान में अपनी 11 वर्षीय पुत्री सिया और 5 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ के साथ रह रही थीं। बुधवार की सुबह निधि अपने दोनों बच्चों को स्कूल छोड़ने गई थीं। वापस घर आने के बाद उन्होंने अपनी चुन्नी के दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाया और आत्महत्या कर ली। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए हैं। मृतका निधि का अपने पति पुनीत बजाज से काफी समय से न्यायालय में वाद चल रहा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। मृतका के परिजनों ने अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का वास्तविक कारण पता चल पाएगा।

# कांवड़ यात्रा के दौरान थाना हाफिजपुर ने कांवड़ियों को वितरित किया शीतल जल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सावन माह में कांवड़ यात्रा अपने चरम पर है और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों से लाखों शिवभक्त गंगाजल लेने हरिद्वार की ओर पैदल यात्रा पर निकले हुए हैं। ऐसे में हापुड़ जनपद के थाना हाफिजपुर पुलिस ने न सिर्फ सुरक्षा की जिम्मेदारी बखूबी निभाई, बल्कि मानवता की मिसाल पेश करते हुए कांवडियों की सेवा में एक अनुकरणीय कार्य भी किया।

गर्मी और उमस भरे मौसम में जब श्रद्धालु थकान और प्यास से जूझ रहे थे, तब हाफिजपुर पुलिस ने सेवा शिविर लगाकर उन्हें ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया। कांवड़ मार्ग पर स्वयं थाना प्रभारी आशीष कुमार और पुलिस स्टाफ ने मोर्चा संभालते हुए कांवडियों को जल वितरित किया और उन्हें विश्राम करने की सुविधा भी प्रदान की। जहां एक ओर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकस नजर आई, वहीं दूसरी ओर मानवता के धर्म को निभाते हुए श्रावण मास के इस पवित्र अवसर को सेवा से जोड़ा। थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारा फर्ज भी है और धर्म भी। हमारा प्रयास है कि कोई भी कांवडिया हमारे क्षेत्र में असहज महसूस ना करे। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने भी पुलिस की इस सेवा भावना की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करते हैं और एक मजबूत विश्वास का वातावरण तैयार करते हैं। सिर्फ कांवड़ियों के लिए राहत की बात है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा भी है कि वर्दी केवल कानून की नहीं, सेवा और सद्भाव की भी पहचान बन सकती है।



### सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति की उपचार के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के मेरठ मार्ग पर सड़क के गड्डे भरने के दौरान सडक हादसे में घायल व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के बेटे ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जनपद मुरादाबाद के थाना भोजपुर के गांव गुड़लिया मुराद निवासी सतीश ने बताया कि उसके पिता महेंद्र सिंह 56 वर्ष गांव निवासी लखपत के साथ गढ़ में काम करने के लिए आए थे। नौ जुलाई की शाम को मेरठ मार्ग पर सड़क के गड्डे भरने के दौरान बाइक सवार सोहेल निवासी खानपुर जनपद बुलंदशहर ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसके पिता को टक्कर मार दी। हादसे में उसके पिता घायल हो गए उनको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की रात को पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान वैट नहर पटरी पर एक संदिग्ध युवक को घूमते हुए देखा। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा करते हुए उसको पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपी गांव वैट निवासी शहजाद है। उसके कब्जे से तमंचा बरामद किया है।

# संस्कृति विवि में शुरू हुई जगद्गुरु शंकराचार्य की चातुर्मास व्रत व्यास पूजा

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में जगद्गुरु शंकराचार्य का चातुर्मास व्रत व्यास पूजा और संकल्प के साथ शुरू हुआ। यह व्रत सात सितंबर तक चलेगा। संस्कृति विश्वविद्यालय के सुसज्जित परिसर में जगद्गुरु शंकराचार्य अनन्तश्री स्वामी अमृतानंद देवतीर्थ महास्वामी सनातन धर्म की गौरवमयी परंपरा के अनुसार पिछले 23 वर्षों से प्रतिवर्ष इस व्रत का पालन करते आ रहे हैं। व्रत के शुभारंभ पर जगदगुरु शंकराचार्य द्वारा विवि के परिसर में पौधारोपण किया गया। यह आयोजन भक्ति, साधना, पर्यावरण संरक्षण, और शिक्षा का एक अनुपम संगम है, जिसमें नित्य नक्षत्र वृक्ष रोपण और प्रति सप्ताह एक हरिशंकरी वृक्ष का रोपण होगा। बताते चलें कि सनातन धर्म में चातुर्मास (आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक) एक पवित्र अवधि है, जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में लीन रहते हैं और भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा इस व्रत के लिए विशेष रूप से पवित्र मानी जाती है। यह समय तप, साधना, भक्ति, और आत्मिक शुद्धि के लिए समर्पित है। भक्तों को कीर्तन, भागवत कथा, तुलसी पूजन और नक्षत्र वृक्ष रोपण जैसे अनुष्ठानों में भाग लेकर आध्यात्मिक उन्नति का अवसर प्राप्त होता है। संस्कृति यूनिवर्सिटी का परिसर, जो इस चातुर्मास व्रत को और अधिक भव्य बनाएगा। इस दौरान होने वाले कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भक्तजन भाग ले रहे हैं। इस दौरान भगवान शिव की विशेष पूजा और अभिषेक, जो आत्मिक शांति प्रदान करने वाला रुद्राभिषेक, सनातन धर्म की गहराईयों को उजागर करने वाले नियमित धार्मिक अनुष्ठान, भक्ति भजन और कीर्तन, संकल्प, प्रतिदिन एक नक्षत्र वृक्ष का रोपण, जो वैदिक परंपरा के अनुसार पर्यावरण संरक्षण और नक्षत्र दोष निवारण में सहायक है, प्रति सप्ताह एक हरिशंकरी वृक्ष (पीपल, बरगद, और आँवला का संयुक्त रूप) का रोपण, जो भगवान शिव और विष्णु की कृपा का प्रतीक है, किया जाएगा।

## घेवर के स्वाद के बिना सूखा रहता है सावन

**रोबिन शर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर।** श्रावण का महीना हो और मिठाई के रूप में घेवर का स्वाद न लिया जाए, तो ऐसा समझो सावन सूखा ही चला गया। घेवर के बिना श्रावण खासकर हरियाली तीज सूनी सी दिखाई देती है। सावन में बहन-बेटियां भी अपने मायके से घेवर आने की बाट जोहने लगती हैं। श्रावण माह शुरू होते ही ज्यों-ज्यों रक्षाबंधन का पर्व नजदीक आता जा रहा है, त्यों-त्यों बाजारों में हलवाइयों की दुकानों पर अब मिठाई के रूप में घेवर दिखाई देने लगा है। हलवाइयों की दुकानों पर घेवर बनाने का कार्य पूरे जोरों पर है। मिठाइयों की दुकानों पर आजकल अन्य मिठाइयों के मुकाबले घेवर ही खरीदारी अधिक होती दिखाई देती है। इनमें सादा घेवर, मावा वाला, घेवर बनाए जाते हैं। देसी घी व रिफाइंड में घेवर बाजारों में उपलब्ध होते हैं। सादा घेवर 200 से 250 रुपये किलोग्राम में मिल रहा है। जबकि घेवर मावे वाले 400 से 500 रुपये किलोग्राम तक में उपलब्ध है। वहीं गुझिया मावा युक्त 400 रुपये किलो तक बिक रही है। व्यापारी अमन, धर्मजीत, सोनू, विमल कुमार का कहना है कि श्रावण माह में घेवर की बिक्री बढ़ जाती है। हम पिछले कई वर्षों से मिठाई के काम में हैं। इस बार घेवर की बिक्री अभी कम दिखाई दे रही है। हालांकि अभी सीजन शुरू हो हुआ है। धीरे-धीरे घेवर की विक्री में तेजी आएगी। इस सीजन में अच्छा-खासा घेवर बिकता है। तीज व रक्षा बंधन पर तो घेवर की मांग इतनी अधिक बढ़ जाती है कि ग्राहकों को अपनी बारी के लिए इंतजार करना पड़ता है।

## पोषाहार मांगने पर अभद्रता करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि उनके गांव के स्कुल में 192 बच्चो का पोषाहार आया था। जब वह वहां पर पोषाहार लेने के लिए गई तो वहा मौजूद आंगनबाड़ी ने उनके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर स्कुल का हेड मास्टर भी वहां आ गए। उन्होनें भी उनके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए धक्का देकर स्कुल परिसर से बाहर निकालने लगे। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि स्कुल के बच्चो का पोषाआहार का गबन किया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वर्षों से एक ही अस्पताल में कुंडली जमाए बैठे हैं दर्जनों चिकित्सक

## डीएम द्वारा सूची तलब करने पर मचा हड़कम्प, चिकित्सकों ने भी बैठाने शुरू किए जुगाड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नियमों को ताख पर रख दस से 15 साल तक एक ही सरकारी अस्पताल में डटे डाक्टरों की सूची डीएम द्वारा तलब करने से उनमें हड़कम्प मच गया है। कोट सीएचसी में तैनात चिकित्सक डा. जावेद का ट्रांसफर सीएमओ सत्यपाल द्वारा ढवारसी कर देने के बाद भी वह चार्ज छोड़ने के लिए तैयार नहीं है।

पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य विभाग सुर्खियों में है। विभाग में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि एक ही सीएचसी पर 15-15 साल से डाक्टर डटे हैं। जब नोडल अधिकारी के चालक प्रदीप की वीडियो सोशल मीडिया पर रिश्वत लेते वायरल हुई तो आला अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में डीएम ने जांच को कमेटी गठित की तथा बदनाम चालक को गजरौला सीएचसी उसके मूल पद पर भेज दिया। डीएम ने नोडल अधिकारी डा. शरद से चार्ज छीन चिकित्सकों अधीक्षकों को झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई के लिए नोडल अधिकारी बना दिया। जिले में दो दर्जन से अधिक चिकित्सक ऐसे हैं जो लम्बे समय से एक ही अस्पताल में डटे हैं। गजरौला सीएचसी में तैनात डा. योगेन्द्र सिंह की तैनाती वर्ष 2006 में हुई थी जो अब भी इसी अस्पताल में तैनात हैं। नौगांवा में डा. अनमोल कुमार 2009 से यहीं डटे हैं। नगर सीएचसी अधीक्षक डा. फारूक, डा. मोहम्मद इदरीस वर्ष 2010 से यहीं कार्यरत हैं। जोया सीएचसी में डा. सुखदेव सिंह 2012 से चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तैनात रहे। अभी पांच दिन पूर्व काफी ड्रामे के बाद वह चार्ज छोड़ने को तैयार हुए। जबकि यहां तैनात डा. मोहम्मद उवैस व डा. फरीद हुसैन 2010 से ही इसी अस्पताल में कार्यरत् हैं। बछरायूं के डा. श्यौराज सिंह, डा. मुमताज अंसारी को 2012 में चार्ज हुआ था वह आज तक यहीं डेरा जमाए हैं। सीएचसी धनौरा में डा. सुदीप गुप्ता 2010 से यहीं तैनात हैं जबकि पीएचसी कमेलपुर में डा. शैलेष कुमार भी 2010 से यहीं मौजूद रहे। अमरोहा सीएचसी में डा. शरद कुमार व डा. मोहम्मद जावेद 2014 से यहीं मौजूद हैं। सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह ने बीस दिन पहले डा. मोहम्मद जावेद का ट्रांसफर सीएचसी ढवारसी के लिए कर दिया था परन्तु उन्होने अभी तक चार्ज ग्रहण नहीं किया है। वह खुलेआम सीएमओ के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। इसके अलावा गजरौला सीएचसी में डा. अंकिता सिंह की तैनाती 2015 में हुई थी, उन्हें भी आज तक किसी और सीएचसी में नहीं भेजा गया है। इतना लम्बा पीरियड होने के बाद भी चिकित्सकों का तबादला न होना भी साबित करता है कि डाक्टर मलाई वाले पदों पर विराजमान है वह अधिकारियों से साठगांठ कर हर बार अपना तबादला रूकवा लेते हैं। डीएम ने काफी समय से एक ही अस्पताल में डटे डाक्टरों की सूची तलब की है। जिससे डाक्टरों में हड़कम्प मच गया है। देखना है कि हर बार की तरह इस बार एक स्थान पर डटे डाक्टरों का तबादला कहीं दूसरी जगह होता है या नहीं।

# किसान के घर से नकदी समेत लाखों की चोरी

## दीवार फांदकर दाखिल हुए चोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए चोरों ने किसान के घर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया। वह यहां से साठ हजार रूपये की नकदी समेत लाखों के जेवर समेटकर फरार हो गये। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी गयी है।

यह घटना थाना क्षेत्र के गांव पूठी की है। यहां किसान अहमद हसन का परिवार रहता है। मंगलवार रात परिवार के सभी से गहरी नींद में सोए हुए थे। रात में दीवार फांदकर घुसे चोर अलमारी में रखी 60 हजार रुपये की नकदी के अलावा सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। किसान अहमद हसन को घटना की जानकारी बुधवार सुबह करीब 6 बजे जागने पर हुई। कमरे में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। गृहस्वामी से चोरी हुए सामान की जानकारी ली। हालांकि, जांच कर गांव से लौटी पुलिस ने अभी घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। वहीं, क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने थाना पुलिस को रात्रि गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया है। वहीं, थानाध्यक्ष कोमल तोमर का कहना है कि शुरुआती जांच में घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# नशीले पदार्थ के तस्कर को चार साल की कैद

## कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** न्यायालय ने नशीले पदार्थ के तस्कर को चार साल का कारावास सुनाया है। दोषी पर दस हजार रूपये का जुर्माना भी ठोका गया है।

यह मामला गजरौला थाना क्षेत्र से जुड़ा था। 6 जनवरी 2013 को तत्कालीन दरोगा सहंसरवीर सिंह, कांस्टेबल अशोक गौड़ व कमल किशोर के साथ चौपला चौकी क्षेत्र में गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस कर्मियों ने एक व्यक्ति को गांव सादुल्लापुर से जोड़ने वाली सड़क से हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम कंचन निवासी गांव सादुल्लापुर बताया था। उसके कब्जे से 8 किलो 500 ग्राम डोडा चूर्ण मिला था। मामले में पुलिस ने कंचन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। बाद में उसका चालान कर दिया था। फिलहाल कंचन इस मुकदमे में जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई स्थानीय अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने इस मुकदमे में अपनी अंतिम सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कंचन को दोषी करार दिया। चार साल जेल की सजा सुनवाई तथा दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# स्कूल मर्ज करने के विरोध में अभिभावकों व बच्चों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव नगला माफी के ग्रामीणों ने गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के दूसरे गांव में विलय करने पर रोष जाते और प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि दूसरा विद्यालय जहां मर्ज किया है, उसकी दूरी उनके गांव से 2 किलोमीटर है, इसीलिए वे अपने बच्चों को वहां पढ़ने नहीं भेजेंगे। बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को दूसरे विद्यालयों के साथ मर्ज किया है। नगला माफी स्थित स्कूल को पड़ोस के गांव चौकपुरी में मर्ज किया गया है। अभिभावकों का कहना है कि दूसरे गांव में स्थित स्कूल उनके गांव से दो किलोमीटर दूर है और रास्ते में जंगल जैसे मार्ग हैं, जहां पर जंगली जानवरों के साथ साथ बेसहारा पशु भी घूमते रहते हैं। ऐसे में बच्चों को भेजना सुरक्षा के दृष्टिगत भी उचित नहीं है। अभिभावकों ने कहा कि, यदि उनके विद्यालय को मर्ज करने से नहीं रोका गया वे दूसरे गांव में अपने बच्चों को नहीं भेजेंगे। इस मौके पर सर्वेन्द्र सिंह, कविता, सुनीता, श्याम सिंह, गुरमीत, कुसुम, पुनीता देवी, मीना, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मृतक परिजनों को सांसद ने दी सांत्वना



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने पूर्व प्रधान के परिजनों समेत दो परिवारों को सांत्वना दी। हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव मगरौला निवासी पूर्व प्रधान जयकरन सिंह के बेटे दीपक उर्फ बब्लू की मौत पर आज सांसद ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद वह गांव फिरोजपुर पहुंचे। यहां के रहने वाले सतवीर सिंह के बेटे अरूण भाटी के निधन पर पीड़ित परिवार को भरोसा दिया कि वह दुख की इस घड़ी में पूरी तरह उनके साथ है। जब भी उनकी मदद की जरूर होगी वह हर समय तैयार मिलेंगे। इस मौके पर हुकम सिंह, पिंटू भाटी, रिंकू गुर्जर, राहुल चौहान, मुन्ना प्रधान, केपी सिंह, अरूण कुमार, चमन सिंह, मनोज, महेश, जगपाल सिंह, चरन सिंह, रोम सिंह आदि शामिल रहे।

### स्कूल मर्ज का आदेश वापस ले सरकार



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** ग्रामीणों ने चेताया कि यदि प्राथमिक स्कूलों को बंद किया गया तो वह कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेंगे। सरकार को अपना आदेश वापस लेना चाहिये। गांव नगलिया असदुल्ला में ग्रमीणों की बैठक हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राथमिक स्कूलों को मर्ज करने नाम पर बंद करने का प्रयास कर रही है। इससे गरीब बच्चें शिक्षा से वंचित हो जायेंगे। उन्होंने चेताया कि यदि सरकार ने अपना निर्णय वापस नहीं लिया तो डीएम कार्यालय पर धरना दिया जायेगा। लखीचंद, लखराम सिंह, फूलचंद, चन्द्रपाल सिंह, अन्तराम सिंह, सतवीर सिंह, बलवीर, सोमपाल सिंह, भरत राम आदि मौजूद रहे।

### कुपोषित बच्चों को किट का वितरण




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** नगर पंचायत द्वारा कुपोषण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत किट का वितरण किया गया। कस्बे के मौहल्ला जामा मजिस्द में नगर पंचायत कर्मियों ने कुपोषित बच्चों को किट बांटी। उन्होंने कहा कि कुपोषण को दूर भगाने में सभी का सहयोग जरूरी है। इस समय चलाये जा रहे अभियान में सभी बढ़चढ़ कर हिस्सा है, ताकि इस बीमारी को समाज से दूर किया जा सके। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमरोहा नदीम अख्तर, कार्यालय अधीक्षक विजय प्रसाद शर्मा, मौहम्मद नोमान, मुस्तकीम, राशिद, फहीम आदि मौजूद रहे।

# प्लॉट के नाम पर एयरफोर्स अधिकारी से ठगे 12 लाख

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जालसाजो ने एयरफोर्स अधिकारी, बेटे व भाई से प्लाट के नाम पर 12 लाख रूपये ठग लिये। जबकि 26.91 लाख रूपये लेकर भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं करायी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

जानकारी के अनुसार बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर दहाना में स्व.जगदीश सिंह यादव का परिवार रहता है। उनके एक बेटे सतीश कुमार यादव भारतीय एयरफोर्स में जू वारंट ऑफिसर हैं, जिनकी तैनाती फिलवक्त दिल्ली मुख्यालय में हैं जबकि दूसरे बेटे सुधीर कुमार खेती-किसानी के अलावा प्राइवेट जॉब करते हैं। एफआईआर के मुताबिक दोनों भाइयों ने नौगावां सादात तहसील क्षेत्र के गांव लकड़हट में नूरपुर-छजलैट मार्ग पर चल रही एक प्लॉटिंग में 1035 वर्गगज जमीन का सौदा 26.91 लाख रुपये में तय किया था। इस जमीन का स्वामित्व अधिकार मुरादाबाद की आशियाना कॉलोनी फेज 1 में रहने वाले नरेश कुमार का है जबकि उनके एजेंट के रूप में प्लॉटों की बिक्री प्रॉपर्टी डीलर अशरफ निवासी गांव देहरी खुर्रम थाना नौगावां सादात, मोहम्मद परवेज निवासी घास मंडी (अतरासी अड्डा) नौगावां सादात व सचिन रस्तौगी निवासी आवास विकास कॉलोनी अमरोहा द्वारा की जा रही थी। प्लॉट का सौदा होने पर नरेश कुमार के कहने के मुताबिक सुधीर कुमार यादव व सतीश कुमार यादव द्वारा 13 जनवरी 2024 को दो लाख रुपये, 17 जनवरी 2024 को तीन लाख रुपये, 22 जनवरी 2024 को दो लाख रुपये तथा 27 जनवरी 2024 पांच लाख रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर करा दिए गए। कुल 12 लाख रुपये का भुगतान करने के बाद प्लॉट की रजिस्ट्री की तारीख 6 मई 2024 तय की गई। दोनों पक्षों में रजिस्ट्री से पहले बाकी धनराशि अदा करने पर रजामंदी बन गई। लिहाजा, तय तारीख पर दोनों भाई नौगावां सादात तहसील पहुंच गए। इससे पहले वादे के मुताबिक सुधीर कुमार यादव ने नौ लाख रुपये तो वहीं सतीश कुमार यादव ने चार लाख रुपये जमीन स्वामी नरेश कुमार के खाते में जमा करा दिए। इस तरह कुल 25 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया जबकि दोनों भाइयों ने 1.91 लाख रुपये रजिस्ट्री होने के बाद देने का वादा कर लिया। आरोप है कि तय तारीख पर जमीन स्वामी नरेश कुमार व उनके सहयोगी रजिस्ट्री करने के लिए तहसील नहीं पहुंचे। आज-कल के आश्वाशन के बीच पांच महीने का वक्त गुजर गया। इसके बाद नरेश कुमार ने सितंबर 2024 में 13 लाख रुपये दोनों भाइयों के खाते में वापस कर दिए जबकि सौदे के वक्त दिए गए 12 लाख रुपये न तो आरोपियों ने वापस किए और न ही प्लॉट की रजिस्ट्री कराई। थाना स्तर पर शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की लिहाजा एयरफोर्स अधिकारी सतीश कुमार यादव ने बीते दिनों एसपी अमित कुमार आनंद से मुलाकात कर खुद के साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी दी थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में आरोपी अशरफ, मोहम्मद परवेज व सचिन रस्तौगी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। खातों में हुए लेनदेन की जानकारी जुटाई जा रही है। सबूत जुटाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# बकरी चराने को विवाद दो पक्षों के छह घायल

## दो गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चलने से दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों में से दो को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भीमा ठीकरी निवासी रामेश्वर का पुत्र अंकित बुधवार को जंगल में बकरी चराने गया था। इसी दौरान उसकी बकरी गांव के एक युवक के खेत में घुस गई। खेत मालिक मौके पर पहुंचा और अंकित से झगड़ने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और अंकित के परिजन भी मौके पर आ गये। कहा. सुनी इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई और लाठी-डंडे चलने लगे। इस खूनी संघर्ष में एक पक्ष से पूरन, कपिल और जोगिंदर घायल हो गये तथा जबकि दूसरे पक्ष से रामेश्वर, अंकित और जोगवती चोटिल हो गये। परिजनों ने आनन-फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने अंकित और जोग. वती की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष के तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस संबंध में तहरीर प्राप्त हो गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बारिश से गिरा ग्रामीण का आशियाना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** लगातार हो रही बारिश से एक ग्रामीण का मकान ढह गया। गनीमत रही कि ग्रामीण के परिवार के किसी सदस्य को चोट नहीं आई। हसनपुर तहसील एवं थाना क्षेत्र गजरौला के गांव खयालीपुर में बुधवार को बारिश के चलते जगदीश का मकान ढह गया। तेज आवाज के साथ गिरे मकान के मलबे में राशन का और जरूरत का सभी सामान क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही की घटना में किसी को चोट नहीं लगी। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी जगदीश के घर पहुंच गए।

# बीच सड़क युवकों के गुटों में मारपीट

## पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बीच सड़क पर युवकों के दो गुटों में फाइटिंग होने से अफरा तफरी मच गई। लात घूंसों चलने के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों गुटों के युवकों को हिरासत में ले लिया।

बुधवार की दोपहर नगर बस स्टैंड पर युवकों के दो गुटों में लात घुसे चलने लगे। दोनों पक्ष ने मोबाइल से फोन कर अपने पक्ष के युवकों को मौके पर बुला लिया। कुछ ही देर में दोनों युवकों के गुट फिल्मी अंदाज में आ गये तथा फाइटिंग करने लगे। एक युवक ने दूसरे गुट के युवक के गाल पर अपने दांतों से काटकर उसे लहूलुहान कर दिया। दोनों गुटों के युवकों की फाइटिंग को देखने के लिए वहां पर भारी भीड़ जमा हो गई। कुछ ही देर में वहां पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस दोनों गुटों के युवकों को पकड़कर



कोतवाली ले आई। इस दौरान गजरौला बस स्टैंड पर हंगामें की स्थिति बनी रही। कुछ देर के बाद सड़क पर मारपीट कर हंगामा करने वाले युवकों को छुड़ाने के लिए काफी लोग कोतवाली के बाहर पहुंच गये।

## बाइकों की भिड़ंत में पल्लेदार घायल

**हसनपुर।** दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार घायल हो गया। घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। गांव शाहपुर कला-करन खाल लिंक मार्ग पर कालका मंदिर के पास बुधवार सुबह जीराज पुत्र कृष्णा अपनी बाइक से मंडी में पल्लेदारी करने जा रहा था। जैसे ही वह कालका मंदिर के सामने पहुंचा सामने से आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल जीराज को उठाकर नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। लेकिन उसकी हालत नाजुक होने के कारण उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। घायल के परिजनों ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्लाट को लेकर मारपीट में आठ पर मुकदमा

## पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दो पक्षो के बीच प्लाट को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दोनों तरफ से आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बताते चलें कि बस्ती के मोहल्ला नई बस्ती में साजिद अली का परिवार रहता है। वहीं, गांव बीलना में मोहम्मद अलीम का परिवार रहता है। नहर के पास प्लॉट की दीवार को लेकर सोमवार दोपहर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मोहम्मद अलीम के मुताबिक साजिद ने अपने साथी अनवर और दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उनके प्लॉट की दीवार तोड़ दी। दीवार तोड़ने का कारण पूछा तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। वहीं, साजिद का आरोप है कि वह अपने प्लॉट पर अनवर के साथ दीवार हटा रहे थे। तभी मोहम्मद अलीम ने अपने साथी इसराल अहमद, महबूब उर्फ कलवा के साथ मिलकर मारपीट की। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला किया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने दोनों पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# कांवड़ियों के आगमन से बही भक्ति की बयान

## शिवरात्रि व दूसरे सोमवार के लिए जल लेकर लौट रहे हैं शिवभक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हरिद्वार से जल भरकर लौट रहे कांवड़ियों के बम बम भोले के उद्घोष से नगर कावड़मय हो गया है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की संख्या बढ़ गई है। उधर, धनौरा मार्ग पर स्थित सेवा शिविरों पर कांवड़ियों की सेवा की जा रही है। कांवड़ियों की संख्या बढ़ने के कारण पुलिस प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। कांवड़ मार्ग पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये जगह जगह पर पुलिस पिकेट तैनात हैं। पुरूषों के साथ साथ महिलाएं तथा छोटे बच्चे भी गंगाजल लेकर लौट रहे हैं। सावन की शिवरात्रि आगामी 23 जुलाई को जबकि दूसरा सोमवार 21 जुलाई को है। दोनों ही दिवसों पर भगवान शिव का जलाभिषेक होगा, इसलिए

**आस्था**

**बम भोले के जयकारों से गूंजा वातावरण**

कांवड़िए हरिद्वार से कांवड़ भरकर लौटने लगे हैं, वहीं हरिद्वार जाने वाले कांवड़ियों की संख्या भी काफी है। ट्रैक्टर ट्रालियों, निजी वाहनों, बसों व ट्रेनों आदि के माध्यम से भी कांवड़िए जल भरने के लिये हरिद्वार व ब्रजघाट से पहुंच रहे हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये हाइवे व धनौरा मार्ग पर जगह जगह पर पुलिस की पिकेट तैनात हैं। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बुधवार को भी कांवड़ मार्ग पर भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### कल से शुरू होगा रूट डायवर्जन

**गजरौला।** दूसरे सोमवार व सावन माह की शिवरात्रि के लिये कल शुक्रवार से प्रारंभ होकर 23 जुलाई तक हाइवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन रहेगा। जिसके लिये यातायात विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।



गजरौला। ब्रजघाट से जल लेकर मंजिल की ओर बढ़ते शिवभक्त।

# पुलिस ने चोरी के माल सहित तीन गिरफ्तार

## चोरों से अबैध तमंचे और चाकू भी हुए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** मिलक पुलिस ने तीन चोरों को मय चोरी किए हुए माल और मय दो अदद तमन्चा मय एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव लखीमपुर विष्णु तिराहे से करीब 40 कदम की दूरी पर ग्राम लखीमपुर विष्णू की तरफ चोरी का माल बेचने जाने हेतु सवारी का इन्तजार करते समय 15 जुलाई की रात्रि गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक जनपद रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा दिनांक 15.जुलाई को समय करीब 23.27 बजे 03 नफर अभियुक्त गण अम्बे प्रसाद उर्फ पवन पुत्र हेमराज निवासी ग्राम लोहा पट्टी भागीरथ थाना मिलक जनपद रामपुर, लियाकत पुत्र अकबर निवासी ग्राम लोहा पट्टी भागीरथ थाना मिलक जनपद रामपुर हाल निवासी मो. पुराना गंज थाना गंज जिला रामपुर और रफीक अहमद उर्फ रफिया पुत्र रहीस अहमद निवासी ग्राम नगलिया आकिल थाना अजीमनगर जिला रामपुर हाल वार्ड नं .10 केला खेड़ा थाना केला खेडा जिला उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड को मय चोरी किये हुए माल 01 जोड़ी हथफूल सफेद धातु , 06 जोड़ी पायल सफेद धातु, 01 जोडी कुण्डल पीली धातु, 03 मंगलसूत्र सफेद धातु, 01 हार पीली धातु, 01 लर पीली धातु, 01 अंगूठी पीली धातु , 02 झुमकी पीली धातु, 29 जोडी बिछिया सफेद धातु, 11 अंगूठी सफेद धातु, 06 चेन सफेद धातु, 05 जोडी खंडवा बच्चो के सफेद धातु, 11 जोडी कुण्डल सफेद धातु मय दो अदद तमन्चा मय दो अदद कारतूस जिन्दा मय एक अदद चाकू के साथ लखीमपुर विष्णू तिराहे से करीब 40 कदम की दूरी पर ग्राम लखीमपुर विष्णू की तरफ थाना मिलक जनपद रामपुर पर गिरफ्तार किया गया।



फर्द बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 287/2025 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट मे आज पंजीकृत किया गया। चोरी किया हुआ माल थाना हाजा पर दिनांक 10. 07.2025 को पंजीकृत मु0अ0स0 278/25 धारा 305/331(4) बीएनएस से सम्बन्धित है माल बरामदगी से मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। एवं पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा थाना कैमरी क्षेत्र के ग्राम रासडडिया बाजार में सुनार की दुकान में कूमल लगाकर चोरी करना भी बताया है जिसके सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु थाना कैमरी को जरिये आरटीसैट सूचना दी गयी।

एवं अभियुक्त गण ने बताया कि हम लोग एक साथ मिलकर रात में कूमल काटकर घरो में चोरी करते है तीनों अभियुक्तों के खिलाफ चोरी के मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं तीनो अभियुक्तों को चलन करके रामपुर न्यायालय को भेजा।

# मिलक से हिमाचल प्रदेश के श्री खंड कैलाश के लिए जत्था रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** बुधवार को नगर से एक भोलेनाथ का जत्था 10 दिन की यात्रा के लिए रवाना हुआ। नगर स्थित मंदिर पर विधि विधान पूजा अर्चना के साथ जत्था को रवाना किया गया। हिमाचल प्रदेश में स्थित श्रीखंड कैलाश के लिए शिव भक्तो जल लेने के लिए रवाना हुए । हंसीत शर्मा ने बताया कि हम सभी शिव भक्ति पहली बार श्रीखंड कैलाश के लिए जा रहे हैं और भोलेनाथ की हम पर कृपा ऐसे ही बनी रहे। सावन माह में हर व्यक्ति को एक बार जल लेकर आना चाहिए। इस दौरान दीपांशु गुप्ता, अजय भारद्वाज, हिमांशु




रोहिल्ला, अमित, सूरज, राहुल गंग. वार, अमन रस्तोगी, विनय रोहिल्ला, बॉबी गुप्ता, बॉबी कश्यप, हंसीत शर्मा, आदित्य आदि शामिल हैं।

# पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मिलक /रामपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वारण्टी अभियुक्त पंकज पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम आगापुर थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 1055/18 , मु.अ.सं.504/18 धारा 25 आर्मस एक्ट मा. न्यायालय सी.जे. एस. डी. द्वितीय सी.जे.एम. रामपुर सम्बन्धित न्यायालय रामपुर भेजा।

# विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को उप कृषि निद. ेशक राम किशन अध्यक्षता में विकास भवन सभागर में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें गत माह में आयोजित किसान दिवस में कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं/शिकायतों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गये निस्तारण से किसानों को अवगत कराया गया।

किसान दिवस में उद्यान विभाग द्वारा सिंचाई करने की ड्रिप प्रणाली के बारे में, पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा डेयरी करने हेतु सरकार द्वारा संचा. लित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी तथा जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को जानकारी दी कि खरीफ सीजन हेतु जनपद में सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने किसानों से अपील की है



कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का क्रय करें।

इस दौरान ग्राम भटपुरा विकास खण्ड सैदनगर में बिजली की समस्या, ग्राम चमरपुरा वरा मिलक रोड से ग्राम पंचायत हरजीपुर को जाने वाले रास्ते पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त होने से पानी भराव की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा जिला उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (तौमर) ने बताया कि रामौतार पुत्र रतन लाल व इनकी पत्नी संतोष का दिनांक 18 जून, 2025 को घर गिर गया जिसमें दोनों पति-पत्नि दब गये जिन्हें सरक. ारी अस्पताल रामपुर में भर्ती कराया गया तथ रामौतार की पत्नी संतोष के दोनों पैर टूट गये। सरकारी अस्पताल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा सरकारी अस्पताल ऑपरेशन न करके पब्लिक अस्पताल निकट गांधी समाधी, रामपुर में कराया गया तथा बाद में पुनः सरकारी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया।

इस प्रकार श्री रामौतार के ऑपरेशन और दवाइयों पर 70000 रुपये खर्ज हो गये। गरीब लोगों को प्राइवेट हॉस्पिटल से मिली भगत करके लूटा जा रहा है। जिसकी जांच करायी जाये।

श्री मंजीत सिंह अटवाल जिला प्रवक्ता किसान यूनियन टिकैत रामपुर द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम डिवडिवा से नावाव गंज विकास खण्ड बिलासपुर की बिजली की लाइन जर्जर है जिसे तुरन्त ठीक कराया जाये, आदि को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याएं निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया।

# चेयरमैन ने ईदगाह वाली गली में नई आर.सी.सी. का कराया निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर चेयरमैन फैजान खां ने सबका साथ सबका विकास के पहल पर कार्य कर रहे पुरानी ईदगाह बाला मार्ग काफी समय से बारिश के पानी से भरा रहता था लोगो का निकलना भी दूभर हो रहा था लेकिन मंगलवार को चेयरमैन ने भूरे मिस्त्री के घर से शकील भाई के घर तक बाली गली में आर.सी. सी. सड़क व नाली का निर्माण कराया गया नई सड़क पड़ने से रह रहे लोगों के चेहरों पर दिखी मुस्कान लोगो ने चेयरमैन फैजान खां को दी दुआएं।

# आस्था कम्पनी के नाम से ग्रामीणों को लगाया लाखों का चूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव के लोगो को आस्था कम्पनी के नाम से एजेंटों ने ग्रामीणों को लाखों रुपए के चूना लगा दिया न तो उनको उनके दिये हुए रुपए वापस हो रहे है ओर नाही उनको उनकी रकम का प्रोफिट दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत चौकी पुलिस से की है ग्रामीणों ने दिये शिकायत पत्र मे कहा है कि संजू, राजेंद्र, आनन्द, निवासी सीतारामपुर, असगर निवासी फतेहगंज ने लग भाग पच्चीस लोगो से आस्था कम्पनी के नाम से बारह-बारह हजार रूपए लिए थे हर महीने ग्राहकों को फायदे का लालच देकर इन लोगो ने ग्रामीणों से बारह-बारह हजार रूपए ले लिये अब यह लोग एक वर्ष से इन लोगो को टहला रहे है। इसकी शिकायत मो. निका, बबीता, कैलाश, सर्वेश, महेश, विजय, किरन, मोनिका ने चौकी पुलिस से कर इन चारों लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**ग्रामीणों ने क्षेत्रीय पुलिस से की मामले की शिकायत**

# डीएम एसपी ने किया तालाब का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने ग्राम पंचायत मनकरा में पुलिस चौकी के सामने तैयार कराए गए तालाब का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी बिलासपुर को निर्देश दिए कि वे तालाब का सौंदर्यीकरण के साथ ही तालाब के चारों तरफ वृक्षारोपण कराएं। इस तालाब को आय सृजन के साधन के रूप में उपयोगी बनाए इसके लिए जिलाधिकारी ने कहा कि तालाब में मछली पालन के लिए पट्टा आवंटन की प्रक्रिया कराई जाए।



उन्होंने चौकी प्रभारी को निर्देशित किया कि वह सुरक्षा के दृष्टिकोण से चौराहे से अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें। इसके बाद वे ग्राम मनकरा में नहर विभाग द्वारा चलाए गए अतिक्रमण मुक्त अभियान के दौरान कब्जा मुक्त कराई गई शासकीय भूमि पर वृक्षारोपण भी किया।

# भूबरा में चोरों की तलाश में पुलिस ने खेतों में की कांबिंग, सावधान रहने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर सहित आसपास के गांव में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है पुलिस ने रात नगर के मोहल्ला भूबरा में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ पैदल गश्त की। और लोगों से सावधान रहने की अपील की।

नगर के मोहल्ला भूबरा में मंगलवार की देर रात चोरों के घुसने की जानकारी मिली तो विश्व हिंदू परिषद के कार्य करता हाथों में लाठी डंडे लेकर सतर्क हो गए और मामले की सूचना पुलिस को दी।

सूचना पाकर चौकी के उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास



के खेतों में विहिप कार्यकर्ताओं के साथ कांबिंग की लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चल सका है।

पुलिस ने ग्रामीणों से सावधान रहकर अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# सामंती कुंड का सियासी झुंड सुल्तानी सैलून पर समाजवादी बेलून जैसा: नकवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी बुधवार को सायं रामपुर पहुंचे। शंकरपुर स्थित अपने आवास पर प्रमुख पदाधिकारी और बाद में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि सामंती कुंड का सियासी झुंड सुल्तानी सैलून पर समाजवादी बेलून जैसा है।

उन्होंने कहा कि बूथ के फिसड्डी जीत की कबड्डी में भी चारों खाने चित होंगे और सामंती सियासत के सत्ता लोलुप सुल्तानों की पावर प्रतीक्षालय प्रतिस्पर्धा पीक पर प्रतीक्षारत रहेगी।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कुंठा, कटुता में कैद हार की हताशा में हुड़दंगी तमाशा करने में लगे लोगों का कभी मतदाता सूचियां पर सवाल, तो कभी चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं पर बवाल इस बात का प्रमाण है कि उन्हें इस बात का एहसास हो चुका है कि उनके हार की गिनती जीत के गणित में नहीं बदल सकती।

परिवार के पैराशूट के पराक्रम और पगडंडी के परिश्रम के बीच फर्क न समझने वाले खुश फहमी के चक्कर में गलत फहमी का घनचक्कर बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी कुछ लोग जमीन के मूड और माहौल के विपरीत नकारात्मक राजनीति में डटे है।

उन्होंने कहा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि दहशतगर्दी के मेड इन इस्लामाबाद दरिंदे, इस्लाम के वसूल और इस्लामाबाद के वजूद के लिए खतरा है। रामपुर में प्रवेश के वक्त रिंग रोड पर उनका फूल, हार और पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, राकेश मिश्रा, हंसराज पप्पू, अभय गुप्ता, महा सिंह राजपूत, चंद्र प्रकाश शर्मा, सोनू लोधी, पंकज लोधी, संतोष खेहरा, टेक चंद्र गंगवार, जगपाल यादव, कुंवर बहादुर लोधी, जागेश्वर दयाल दीक्षित, कपिल आर्य, अशोक बिश्नोई, दिनेश शर्मा, अर्जुन रस्तोगी, शिवम कुक्कू अरोड़ा, मनोज मौर्य, मुर्तजा अली, लक्ष्मीकांत सैनी, दिलीप अरोड़ा, प्रदीप गुप्ता, समर सिंह चौहान, श्रीपाल सिंह, योगेंद्र सिंह, आकाश सक्सेना,अहमद जान, राजीव गंगवार, शांति स्वरूप, अरविंद ठाकुर, किशन लाल चंद्र, नंद किशोर गंगवार, लाल मन तोमर, दीपक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# बिजली का करंट लगने से मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मोटर मिस्त्री को मोटर सही करते समय बिजली का करंट लग गया करंट लगने की वजह से मिस्त्री बेहोश हो गया। जिसको परिजन बाजपुर के अस्पताल ले गए जहा पर मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत हो गई।

मिस्त्री की मौत से उसके परिवार मे कोहराम मच गया ओर मोहल्ले मे मातम छा गया। अनिल मौर्य पुत्र सिन्बू मौर्य पच्चीस, मोहल्ला चाऊपुरा की पशु चिकित्सालय के सामने इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है जहा पर बिजली के मोटर व पंखे सही करने का कार्य करता है वह मोहल्ले मे ही किसी के घर पर पानी का



बिजली का मोटर सही कर रहा था कि अचानक मोटर मे करंट आ गया जिससे मिस्त्री भी करंट की चपेट मे आ गया।

करंट लगने से मिस्त्री की हालत बिगड़ गयी। आनन-फानन में परिजन उसको बाजपुर के अस्पताल ले गए जहा पर मिस्त्री की इलाज के दौरान दौरान मौत हो गई। मिस्त्री की मौत से उसके परिवार मे कोहराम मच गया परीजनो का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं मोहल्ले मे भी मातम छा गया।

# दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म में दस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** नगर के मोहल्ला खाता नगरिया निवासिनी एक महिला की शादी 18 अक्टूबर 2022 को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ बाबू पुत्र शाहिद निवासी रामपुर दोहराया बरवाला मिलक थाना कटघर जनपद मुरादाबाद के साथ हुई थी। शादी में माता-पिता के द्वारा अपनी हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिनों के बाद महिला का पति बाबू सास नायाब, नंनद गुड़िया, महताब,शहनाज, इमराना, जेठ मुशाहिद और जेठानी इकरा द्वारा लगातार दहेज की मांग को लेकर मान. सिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित शुरू कर दिया। बार-बार बुलेट मोटर साइकिल की मांग करने लगे इस बीच पुत्री अनाबिया का जन्म हुआ वर्तमान में डेढ़ वर्ष की है पुत्री के जन्म के बाद महिला को अधिक प्रताड़ित करने लगे और कहने लगे कि तूने लड़के का जन्म नहीं दिया। जेठानी इकरा के द्वारा खुलेआम कहां की इस तलाक दिलाकर अपनी बहन से इसकी जगह शादी कराएंगे मुझे बार-बार आत्महत्या के लिए उकसाया गया और कई बार बुरी तरह से मेरे साथ मारपीट भी की और भूख प्यासा भी रखा गया और घर से निकाल दिया गया।

25 जून 2025 को जब बह घर पर अकेली थी तो जेठ मुशाहिद अपने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ जबरन घर में घुस आया और दोनों ने तमंचे के बल पर बारी बारी से दुष्कर्म किया। दोनों व्यक्तियों में से एक ने वीडियो बना ली जब इस घटना के बारे में शाम को पति बाबू सास नायाब और जेठानी इकरा को बताई तो उल्टे उन्होंने उल्टा महिला पर ही हमला कर दिया। पति ने जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी से हमला किया किसी तरह बच गई और मुझे बेरहमी से बेल्ट से पीटा गया और मेरी डेढ़ साल की पुत्री को भी करने की कोशिश की पति बाबू ने तीन बार तलाक बोलकर तलाक दे दिया और घर से निकाल दिया। इस संबंध में महिला ने कोतवाली मे तहरीर दी तहरीर के आधार पर पति सहित दस लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, दुष्कर्म सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

मुख्यमंत्री से मिले विधायक, स्वार टांडा के विकास कार्यों को लेकर

# पीडब्ल्यूडी द्वारा टांडा में दुकानों को चिन्हित करने को लेकर हुई वार्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने विधानसभा की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और अपनी विधानसभा के तहसील टांडा में लोक निर्माण विभाग द्वारा बाजपुर मुरादाबाद मार्ग पर मेन मार्केट पर चिन्हित कर नोटिस दिए जाने के सम्बंध में अवगत कराकर मार्केट को टूटने से रोके जाने हेतु निष्पक्ष जांच की मांग की। एवं अपनी विधानसभा क्षेत्र के नगर व ग्रामीणों के लिये कराए जाने वाले विकास के कार्यों के सम्बंध में भी अवगत कराया। जिसके उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूर्ण आश्वासन दिया गया है।

# एसपी ने अश्लील मैसेज भेजने वाले दरोगा और सिपाही को किया निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** दुष्कर्म पीड़िता महिला को अश्लील मैसेज भेजने वाले दरोगा और धमकी देने और मैसेज डिलीट करने वाले सिपाही को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला ने हाल ही में तैनात दरोगा उदयवीर सिंह पर आधी रात को उसकी नाबालिग बेटी को व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज और चौट करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को पुलिस अधीक्षक रामपुर से लिखित शिकायत की थी।

शिकायत मे महिला ने कहा था की दुष्कर्म की शिकायत लेकर में थाने गई थी तब दरोगा ने उसकी नाबालिक बेटी का नंबर ले लिया था और आधी रात के बाद उसे अश्लील मैसेज और चौट करने लगा और वीडियो कॉल भी की। मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई और सिपाही सरफराज ने महिला को धमकाते हुए उसके मोबाइल से चौट डिलीट कर दिए। उक्त सिपाही की शिकायत



महिला ने पुलिस अधीक्षक रामपुर से की आज पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा ने दरोगा उदयवीर सिंह और सिपाही सरफराज को निलंबित कर दिया। उधर इस मामले की जांच पुलिस अधीक्षक में पुलिस क्षेत्राधिकारी मिलक राजवीर सिंह परिहार को सौंपी है जो जांच कर जल्दी रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को भेजेंगे।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

हमने अपने पुत्र अतीक व उसकी पत्नी राफिया को अभद्र व्यवहार तथा गलत आचरण के चलते अपनी चल व चल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में हमसे व हमारे परिवार से उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**खुर्शीद अहमद पुत्र श्री छोटू व फईम जहां पत्नी खुर्शीद अहमद निवासी ग्राम मनकरा थाना भोट जिला रामपुर**

# किसान, तहसील व रेलवे के अधिकारियों की वार्ता रही विफल



मथुरा। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन सुनील के बैनर तले मथुरा ब्लॉक के गांव कोटा मौजा में रेलवे द्वारा भू अधिग्रहण के विरूद्ध किसानों के चल रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन को आज एक महीना पूरा हो गया।

किसान बरसात के मौसम में भी अनिश्चितकालीन धरने पर डटे रहुए हैं। बीती शाम को 8. 30 बजे अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर उप जिला अधिकारी सदर अभिनव जैन, रेलवे एक्सईएन राघवेंद्र गुप्ता, तहसीलदार, नायब तहसीलदार राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों की जायज मांगों को सुना।किसान भीषण गर्मी बरसात में भी धरने पर डटे हुए हैं उप जिला अधिकारी सदर रेलवे के एक्शन राघवेंद्र गुप्ता ने किसानों को आश्वासन दिया मथुरा वृंदावन नगर निगम के अधिकारियों को बुलाकर इसकी जांच कराई जाएगी भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने बताया कि अधिकारियों ने किसानों से वार्ता की। लेकिन उनकी वार्ता विफल रही। कोई भी अधिकारी किसानों को संतुष्ट करने वाला उत्तर नहीं दे सका। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, नरोत्तम शर्मा, मानिकचंद शर्मा, धीरज शर्मा, ख्याली राम, अनिल शर्मा, सोनू शर्मा, गोपीचंद, चंद्रभान, चंद्रपाल, भूपेंद्र, अनिल, विनोद, लक्ष्मण, तरुण सैनी, सुनीता, अनीता, मालती देवी, जसोदा, रामवती, पुष्पा देवी, सरोज, कविता, राज. ेश्वरी लाल सैनी सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

# एबीवीपी ने केएम विवि के छात्रों को राष्ट्रनिर्माण के लिए किया प्रेरित

मथुरा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों के अंतर्गत मंगलवार को केएम विश्वविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंदजी के चित्रपट के सम्मुख विवि के कुल. पति डा. एनसी प्रजापति और रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, एबीवीपी के पूर्व क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री पश्चिमी क्षेत्र राय सिंह, एबीवीपी के प्रांत अध्यक्ष डॉ सौरभ सेंगर तथा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विवि के कुलपति और रजिस्ट्रार ने शिक्षा और संस्कृति के महत्व पर विचार रखे। कार्यक्रम में केएम विवि के सैकड़ों छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एबीवीपी के प्रांत अध्यक्ष डॉ सौरभ सेंगर ने छात्रों के समक्ष अभाविप की भूमिका रखी। उन्होंने भारत के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 16 वीं सदी में विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत का 33 प्रतिशत योगदान था, नालंदा तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय भारत के ज्ञान का केंद्र थे। भारत को पुनः उस परम वैभव पर ले जाने के लिए सन् 1949 में अभाविप की स्थापना हुई और स्थापना काल से ही अभाविप इस दिशा में कार्यरत है। मुख्य अतिथि एबीवीपी के पूर्व क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री पश्चिमी क्षेत्र राय सिंह ने नशा मुक्त परिसर के विषय पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा जीवन में ध्येय ना होने के कारण युवा हानिकारक पदार्थों के नशे में लिप्त होता जा रहा है। युवाओं को आवश्यकता है कि बड़े स्वप्न देखें, उनकी प्राप्ति के लिए कठोर परिश्रम करें।




# सरकारी कुर्सी, निजी धंधा एसडीओ दफ्तर में फिर गुपचुप चालू हुआ जनसेवा केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** विद्युत उपखंड कार्यालय में सरकारी सिस्टम को ठेंगा दिखाते हुए एक बार फिर निजी जनसेवा केंद्र ने गुपचुप कब्जा जमा लिया है। जिस भवन में विभागीय बिल जमा केंद्र पहले से ही मौजूद है, उसी में अब खिड़की नंबर 5 पर निजी जनसेवा केंद्र खुला चल रहा है वो भी बिना किसी वैध अनुमति के।

गौरतलब है कि पूर्व एसडीओ प्रवीण कनौजिया ने इस केंद्र को अवैध करार देकर पहले हटवाया था। उस वक्त भारी विवाद हुआ था, पुलिस को बुलाना पड़ा था और कड़ी मशक्कत के बाद उसे कार्यालय से बाहर करवाया गया था। मगर अब सत्ता की साये और विभागीय मिलीभगत के चलते वही जनसेवा केंद्र दोबारा उसी दफ्तर में जड़ें जमा चुका है। खिड़की नंबर 3 और 4 से जहां विभागीय केंद्र उपभोक्ताओं के बिजली बिल जमा कर रहा है, वहीं बगल में निजी जनसेवा केंद्र खुलेआम चल रहा है।

जब मंगलवार को एसडीओ मोहित गुप्ता से सवाल किया गया तो उनका जवाब था, यह केंद्र उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि केंद्र संचालक ओमप्रकाश गंगवार का नाम न तो विभाग की स्वीकृत सूची में है और न ही उसके पास सरकारी परिसर में बैठने का कोई अधिकृत पत्र मौजूद है। इसके बावजूद सरकारी कुर्सियों पर निजी धंधा बेधड़क जारी है। सूत्रों के मुताबिक, पहले भी इस केंद्र पर उपभोक्ताओं से अतिरिक्त वसूली के आरोप लगे थे और उसकी सीएससी आईडी तक सस्पेंड हो चुकी है। लेकिन ऊपर की मेहरबानी के दम पर सब फिर से वैसे ही चल रहा है। अब सवाल उठता है कि क्या सरकारी कार्यालय में निजी धंधों को इसी तरह सत्ता का कवच पहनाकर चलाया जाएगा और क्या विभागीय चुप्पी भी इसी सांठगांठ का हिस्सा है।

# सोशल साइंस क्विज में विंध्या हाउस रहा प्रथम स्थान पर

**पीलीभीत।** बेनहर पब्लिक स्कूल के कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने एक सामाजिक विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रत्येक कक्षा से सभी हाउसेज के छह विद्यार्थियों को उनके सोशल साइंस टीचर्स ने एक प्रीलिम्नरी राउंड में शार्टलिस्ट किया। इस प्रकार सभी चार हाउसेज के अठारह विद्यार्थियों को लिया गया। फाइनल राउंड प्रतियोगिता की रूपरेखा और मार्गदर्शन एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा ने दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी ने प्रतिभागियों तथा उनकी शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए बच्चों के अच्छे मार्गदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। हेडमिस्ट्रेस जूनियर नेहा पांडेय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो। क्विज मास्टर्स का दायित्व निभाया शिक्षिका नूपुर अग्रवाल और शिल्पी पाण्डेय ने। स्कोरर रहे त्रिलोक चंद्रा, सर्वाधिक अंक 104 अंक अर्जित करके विंध्या हाउस प्रथम स्थान पर रहा। द्वितीय स्थान पर हिमालया हाउस तथा तृतीय स्थान पर सतपुरा हाउस रहा। विजयी विंध्या हाउस से अनुष्का कुमारी, अतिम नेगी, आराध्या सिंह, दीपांकर सिंह, सक्षम शर्मा, अभिज्ञान शुक्ला, राघव अवस्थी, दुष्यंत गंगवार, सृष्टि जीत सिंह, अनुज मिश्रा, ख्याति जायसवाल, रिदम वर्मा, प्रकुल अग्रवाल, अनिका सिंह आदि रहे।



## 21 जुलाई को निकलेगी बाइक जलाभिषेक कांवड़ यात्रा

i|jui|jA श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, छात्र परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा 21 जुलाई को निकाली जाने वाली बाइक जलाभिषेक कांवड़ यात्रा की तैयारियाँ जोरों पर हैं। यात्रा को सफल बनाने के लिए गांव–गांव जाकर प्रचार किया जा रहा है। प्रचार अभियान में लक्ष्य बाबा व हरमीत सिंह लाली सहित युवाओं की टीम दिन–रात मेहनत कर रही है।

# दौड़ प्रतियोगिता जीत कर आने पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकला।** नगर निवासी एक नवयुवक ने राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स दिल्ली में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है, युवक प्रतियोगिता समाप्त होने पर बुधवार को लौटा तो नगर वासियो ने जोरदार स्वागत किया नगर के रामनगर निवासी प्रमोद पंडित के पुत्र नव युवक वंश पंडित ने राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है, बुधवार को जब प्रतियोगिता खत्म कर घर लौटा तो नगर वासियो ने बाईपास पर ढोल तासो के साथ साफा दुपट्टा पहना कर जोरदार स्वागत किया बजा कर नगर के लवली वर्मा सभासद राहुल एडवोकेट टम्पू योगेश पपोटी अशोक शर्मा. कमल सोनी. हेमंत शर्मा.. पं. राधाकृष्ण शास्त्री. वेदराम शर्मा. मनोज अग्रवाल. लाला भार्गव. आदि सैकड़ो लोगों ने बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में हिस्सा लेंगे कोसीकलां चेयरमैन



**कोसीकलां।** स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 का पुरस्कार वितरण समारोह दिल्ली में 17–18 जुलाई को आयोजित होगा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू स्वच्छता में अव्वल आने वाले निकायों के अधिकारियों को पुरस्कृत करेंगी। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नगर पालिका चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल हिस्सा लेगें।स्वच्छ भारत मिशन नगरीय प्रभारी निदेशक ऋतु सुहास ने नगर पालिका प्रशासन को भेजे पत्र में 17–18 जुलाई को दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कोसीकलां नगर पालिका चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल समेत प्रदेश के 14 चेयरमैन, ईओ और स्वच्छ भारत मिशन के जिला स्तर के प्रभारी शामिल होगें। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस वर्ष 4 श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। चेयरमैन ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान वह 17 जुलाई को कार्यक्रम में शिरक्त करेगें।

# जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यक्रम में भारतीय मानक एवं उपभोक्ता अधिकारों पर हुआ विशेष संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार, पीलीभीत में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया की अध्यक्षता में भारतीय मानक ब्यूरो (ठै), देहरादून के सहयोग से जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ठै देहरादून के प्रमुख एवं निदेशक सौरभ तिवारी द्वारा भारतीय मानकों, गुणवत्ता, मानकीकरण और उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय, खाद्य सुरक्षा विभाग, औषधि नियंत्रण विभाग (ड्रग इंस्पेक्टर), लोक निर्माण विभाग (च्ॅक्), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (च्भ्म्क), ग्राम्य विकास विभाग, शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग सहित अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक विभागों के 100 से अधिक अधिकारीगण एवं उपभोक्ता संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को मानकों, गुणवत्ता प्रबंधन तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा, ताकि वे अपने–अपने विभागों में ठै के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हेतु तत्पर रहें। ठै के निदेशक सौरभ तिवारी ने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय मानक केवल उत्पादों की गुणवत्ता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह उपभोक्ता सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं समग्र जीवन गुणवत्ता से सीधे जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम में ठै के संयुक्त निदेशक सचिन चौधरी द्वारा ठै ब|त्म ऐप तथा ठै की वेबसाइट के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता एवं शिकायत समाधान प्रणाली पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उपभोक्ता ठै ब|त्म ऐप के माध्यम से हॉलमार्किंग, प्रमाणन एवं नकली उत्पादों की शिकायतें कर सकते हैं और ठै की वेबसाइट के माध्यम से मानकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ऋतु पुनिया ने ठै द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा कहा कि मानकीकरण एवं उपभोक्ता संरक्षण जैसे विषयों पर ठै द्वारा किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय एवं जनहित के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने सभी विभागों से आह्वान किया कि वे ठै के दिशा–निर्देशों के अनुरूप अपने कार्यों में गुणवत्ता और मानकों का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर सीएमओ, नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर, अन्य अधिकारी व व्यापारी उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में पूरनपुर एसडीएम पर न्यायिक आदेशों की अनदेखी के गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** एसडीएम पर न्यायिक आदेशों की अनदेखी के गंभीर आरोप लगें है इसको लेकर पीड़ित व्यक्ति ने उच्च अधिका. रियों को 14 बिंदुओं का एक शिकायत पत्र भेजा है। शिकायत पत्र में एक जमीनी विवाद को लेकर एसडीएम पर गंभीर आरोप लगाए गए है। पीड़ित व्यक्ति ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई और एसडीएम के स्थानांतरण की मांग की है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव जगतपुर निवासी पंकज कुमार सिँह ने उच्चअधिकारियों को एक शिकायती पत्र लिखा है। जिसमें उप जिलाधिकारी पूरनपुर, अजीत प्रताप सिंह पर न्यायिक प्रक्रिया की खुली अनदेखी और कानून की सही जानकारी न होने का गंभीर आरोप लगाया है। इस सिलसिले में किसान पंकज कुमार सिंह ने राज्य व केंद्र सरकार के 14 वरिष्ठ अधिका. रियों को एक विस्तृत शिकायती पत्र भेजा है, जिसमें 14 बिंदुओं में पूरी आपबीती और साक्ष्य जोड़े गए हैं।शिकायतकर्ता के मुता. बिक ठछै 2023 की धारा 164(6)(क) के तहत कब्जे की पुष्टि होने के बावजूद एसडीएम ने आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। आरोप तो यहां तक है कि एसडीएम ने खुले तौर पर कहा"मैं रूलिंग नहीं मानता, जैसा समझ आएगा वैसा फैसला दूंगा।" इस कथन को पीड़ित ने न्यायिक गरिमा और कानूनी दायित्वों की अवहेलना बताया है।शिकायत में कहा गया है कि विवादित भूमि पहले से ही बंधक संपत्ति रही है, बावजूद इसके विपक्ष ने 28 फरवरी 2025 को नामांतरण दर्ज कराकर उसी दिन अवैध कब्जा कर लिया। पीड़ित ने थाने में थ्प्त् दर्ज कराई थी (संख्या 022/2025) जिस पर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया, पर इसके बावजूद प्रशासनिक संरक्षण विपक्ष को ही मिलता रहा। पीड़ित व्यक्ति ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही एसडीएम के स्थानांतरण की मांग उठाई है।

# बिजली समस्याओं के निदान के लिए मेगा कैंप आज से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** बिजली उपभोक्ताओं के गलत बिल ठीक करने सहित अन्य समस्याओं के लिए विद्युत विभाग मेगा कैंप का आयोजन 17 से लेकर 19 जुलाई तक करेगा। कैंप का आयोजन कोसी, छाता एवं चौमुहां में मेगा कैंप आयोजित होगा।

विद्युत वितरण खंड कोसी डिवीजन के एक्सईएन सुरेंद्रपाल सिंह ने बताया कि इस कैंप में नए संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विधा परिवर्तन, बिल जमा करने सहित अन्य उपभोक्ता की शिकायतों का समाधान किया जाएगा। शासन के मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन उपभोक्ताओं को सही बिल उपलब्ध कराने के लिए इस कैंप का इस मेगा कैंप में प्रत्येक शिकायत का पंजीकरण 1912 हेल्प डेस्क पर सुनिश्चित किया जाएगा। शिकायतकर्ता एवं आवेदनकर्ता का सही विवरण अंकित किया जाएगा। बिल रिवीजन हेतु कार्यवाही एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित की जाएगी।बताया कि कैंप में उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करने का समय सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। एक्सईएन ने बताया कि पहले गलत बिल को ठीक करने सहित अन्य शिकायतों के लिए भी कई कैंप का आयोजन किया गया। लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की ओर गलत बिल के अलावा अन्य शिकायतें प्राप्त हो रही है। इसके समाधान के लिए मेघा कैंप का आयोजन किया जा रहा है।सिंह ने बताया कि 17 जुलाई को घंटाघर कोसीकलां, छाता डांक बंगला, शेगढ बिजलीघर, 18 जुलाई को बरहाना, फालैन, चौमुहां तथा 19 जुलाई को कोटवन, रांहेरा, नौगांव में लगेगा। कैंप में 28855 उपभोक्ताओं को चिहिंत किया गया है।

# जन सहयोग से टीबी उन्मूलन कार्यक्रम पकड़ रहा रफ्तार

**मथुरा।** मथुरा जनपद में क्षय रोग (टीबी) के उन्मूलन को लेकर एक संगठित, सशक्त और संवे. दनशील अभियान चलाया जा रहा है। जिला क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत रोगियों की पहचान, इलाज और पुनर्पुष्टि के साथ–साथ उनके पोषण और मानसिक स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस कार्य में समाजसेवी संगठन भी बढ़–चढ़कर भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को मडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा मथुरा के चार ब्लॉकों फरह, बरसाना, गोवर्धन और बलदेव में 500 से अधिक क्षय रोगियों को पोषण सामग्री किट वितरित की गई। इस किट में दाल, चना, सोया, प्रोटीन पाउडर और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल थीं, जो रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। जनभागीदारी से साकार होगा टीबी मुक्त भारत का सपना इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने कहा कि ''जब तक ग्राम स्तर पर जनभागीदारी नहीं होगी, तब तक क्षय रोग के पूर्ण उन्मूलन की कल्पना अधूरी रहेगी। समाज, संगठन और शासनकृतीनों को एकजुट होकर कार्य करना होगा।'' उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया कि वे अपने–अपने गांवों में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाएं और संकल्प लें कि उनके गांव से एक भी क्षय रोगी बिना इलाज के नहीं रहेगा। समाजसेवियों से क्षय रोगियों को गोद लेने की अपील जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश राठौर ने जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों और धार्मिक संस्थाओं से अपील की है कि वे टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें सामाजिक, भावनात्मक और पोषण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह ''गोद लेना'' प्रतीकात्मक नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी का भाव है, जिसमें रोगी की संपूर्ण देखभाल की जाती है। रोगियों की सेहत की निरंतर निगरानी जिला पीपीएम समन्वयक आलोक तिवारी ने कहा कि टीबी रोगियों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से की जा रही है उनकी देखरेख में क्षेत्रीय क्षय नियंत्रण कर्मचारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्वयंसेवी घर–घर जाकर टीबी मरीजों से मिल रहे हैं, उनका हालचाल पूछ रहे हैं, दवा सेवन की स्थिति की जांच कर रहे हैं, और समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित कर रहे हैं। यह सतत निगरानी मरीजों के उपचार और रिकवरी की प्रक्रिया को मजबूत बना रही है। सामूहिक प्रयासों से टीबी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त जिला कार्यक्रम समन्वयक शिव कुमार ने कहा कि जिला क्षय रोग केन्द्र, मडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन और अन्य सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों ने मथुरा जनपद में एक नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया है। निरंतर निगरानी, पोषण सहायता और जनभागीदारी जैसे ठोस कदम आने वाले समय में मथुरा को एक टीबी मुक्त जनपद के रूप में स्थापित कर सकते हैं। पोषण सामग्री किट प्राप्त करने के बाद उपचारित क्षय रोगी दिनकर (बदला हुआ नाम) ने कहा कि टीबी होने की सूचना मिलने पर मरीज मानसिक रूप से परेशान हो जाता था, लेकिन अब स्वास्थ्य विभाग की पहल से टीबी उन्मूलन कार्यक्रम जन आंदोलन बन गया।



# साधु भेषधारी वृद्ध का शव मिला

**शाह टाइमस संवाददाता**

**कोसीकलां।** अनाज मंडी परिसर में गोशाला के समीप टीन शेड में एक साधु भेषधारी वृद्ध का शव संदिग्ध हालत में मिला। मृतक की शिनाख्त नही हो सकी। मृतक की उम्र करीब 65 वर्ष प्रतीत हो रही है। शव के पास में एक रुद्राक्ष की माला पड़ी मिली है पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खेल विशेष

## आरसीबी भगदड़ रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए: कर्नाटक हाईकोर्ट

**लॉर्ड्स, वार्ता।** बेंगलुरु, वार्ता। कर्नाटक हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह चार जून को हुई भगदड़ की घटना पर अपनी स्थिति रिपोर्ट सार्वजनिक करे, जिसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई आईपीएल जीत के जश्न को गहरा धक्का पहुंचाया था। इस त्रासदी में 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे। राज्य सरकार ने हाई कोर्ट से इस रिपोर्ट को गोप. नीय रखने का अनुरोध किया था, लेकिन कोर्ट ने सोमवार, 14 जुलाई को स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह की गोपनीयता के लिए कोई कानूनी आधार नहीं है, और ये केवल 'सरकार की दृष्टि में तथ्यों की प्रस्तुति' है। कोर्ट ने सरकार को यह रिपोर्ट मामले के अन्य पक्षों - आरस. ीबी, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स, जो फ्रेंच. इजी के इवेंट पार्टनर हैं - को सौंपने का भी निर्देश दिया है।

## जितेश शर्मा घरेलू सत्र से पहले विदर्भ से बड़ौदा चले गए

**नई दिल्ली, वार्ता।** विदर्भ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर जितेश शर्मा आगामी सत्र में बड़ौदा का प्रतिनिधित्व करेंगे। 31 वर्षीय जितेश शर्मा 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दौरान किसी भी मैच में नहीं खेले और कप्तान और पहली पसंद विकेटकीपर अक्षय वाडकर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वह करुण नायर की अगुवाई वाली विदर्भ की सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा बने रहे। बड़ौदा में स्थानांतरण की योजना पिछले कुछ समय से चल रही थी, और माना जा रहा है कि बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या के साथ जितेश के घनिष्ठ संबंधों ने इस कदम को आसान बनाया।

# सीरीज फतह करने की तैयारी में हरमनप्रीत ब्रिगेड



**● इंग्लैंड की धरती पर पहली बार टी-20 सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम का आत्मविश्वास शीर्ष पर**

**साउथम्प्टन, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंग्लैंड में अपनी ऐतिहासिक टी-20 सीरीज जीत के बाद, अब एक नई चुनौती के लिए तैयार है। इंग्लैंड की धरती पर पहली बार टी-20 सीरीज (3-2 से) जीतने का कारनामा करने के बाद, भारतीय टीम का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा, और अब उनकी निगाहें वनडे प्रारूप में भी अपनीधाक जमाने पर टिकी हैं। साउथम्प्टन के रोज बाउल में वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा, जहां दोनों टीमें एक मजबूत शुरुआत करना चाहेंगी। साउथम्प्टन का रोज बाउल मैदान आमतौर पर एक संतुलित पिच प्रदान करता है। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, जहां गेंद बल्ले पर अच्छे से आती है और उछाल भी समान रहता है। हालांकि, शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को स्विंग और कुछ मूवमेंट मिल सकती है, खासकर यदि मौसम में नमी हो। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, स्पिनर बीच के ओवरों में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। कुल मिलाकर, यहां एक उच्च स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है। भारत हाल ही में शानदार फॉर्म में है। टी-20 सीरीज में इंग्लैंड को उनके घर में हराना एक बड़ी उपलब्धि थी, जिसने टीम की गहराई और जुझारूपन को दिखाया। इसके ठीक पहले, भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका में खेली गई त्रिकोणीय वनडे सीरीज में भी विजेता का खिताब अपने नाम किया था, जहां फाइनल में स्मृति मंधाना के शानदार शतक (116 रन) ने भारतीय बल्लेबाजी की ताकत को दर्शाया था। सितंबर में होने वाले घरेलू वनडे वर्ल्ड कप से पहले, भारत के पास अपनी टीम संयोजन रणनीतियों को आजमाने के लिए केवल छह मुकाबले बचे हैं। इंग्लैंड में शुरू हो रही यह सीरीज टीम की योजनाओं की एक अहम झलक दिखा सकती है। कप्तान हरमनप्रीत कौर इसे एक 'सकारात्मक चुनौती' मानती हैं, जिसका श्रेय वे टीम में बढ़ती गहराई और संतुलन को देती हैं। वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुटे भारत के पास हर विभाग में कुछ अहम चयन दुविधाएं हैं। प्रतिका रावल बनाम हरलीन और शेफाली की ओप. निंग जोड़ी के चयन से जुड़े कुछ अहम सवालों का जवाब देना होगा। साथ तेज गेंदबाजी और स्पिन विभाग में भी उन्हें सही विकल्पों का चुनाव करना होगा। वहीं इंग्लैंड की टीम टी-20 में मिली हार के बाद वनडे में वापसी करने का भरपूर प्रयास करेगी।



शेफाली वर्मा

# लॉर्ड्स में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड पर जुर्माना

**● इंग्लैंड के अब डब्ल्यूटीसी तालिका में 24 की जगह 22 हो गए है और अंक प्रतिशत 61.11 हो गया**

**दुबई, वार्ता।** लॉर्ड्स टेस्ट मेंधीमी ओवर गति के कारण इंग्लैंड के डब्ल्यूटीसी में दो अंक काटे गए हैं, साथ ही उन पर जुर्माना भी लगा है।

इसकी वजह से इंग्लैंड के अब डब्ल्यूटीसी तालिका में 24 की जगह 22 हो गए हैं और उनका अंक प्रतिशत भी 66-67 प्रतिशत से 61.11प्रतिशत हो गया है। इस कारण से अब वे ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बाद दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। डब्ल्यूटीसी खेल शर्तों के अनुच्छेद 16-11-2 के अनुसार, समय को ध्यान में रखने के बाद प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक का दंड दिया जाता है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपनी गलती मानी है, जिसके बाद कोई आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। तीसरे टेस्ट को जीतकर इंग्लैंड ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। यह एक उच्च दबाव और रोमांच वाला मैच रहा, जिसमें खिलाड़ियों के बीच गर्मागर्मी भी देखी गई। व्यक्तिगत प्रदर्शन में जोफ्रा आर्चर का सबसे तेज स्पैल, जो रूट और केएल राहुल का शतक और जसप्रीत बुमराह का पांच विकेट शामिल रहा। मैच की तीव्रता जल्द ही बढ़ गई जब दोनों टीमें पहली पारी में 387 के समान स्कोर पर रह गई, जिससे टेस्ट दूसरी पारी में भी बराबरी पर आ गया। जब भारत को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य मिला, तो उन्होंने निचले क्रम की महत्वपूर्ण साझेदारियों के साथ खेल को आखिरी सत्र तक पहुंचाया।

# टॉप-10 बल्लेबाजों में लौटी शेफाली

**● इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 176 रन बनाकर शेफाली वर्मा दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष 10 बल्लेबाजों में वापस आ गई हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में 158-56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाकर, शेफाली साथी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के बाद दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। 21 वर्षीय शेफाली ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। पांचवें मैच में भारत की आखिरी गेंद पर हार में 41 गेंदों पर 75 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं और 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गईं। भारत की 3-2 से श्रृंखला जीत में एक और अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी, जिन्होंने श्रृंखला के दौरान छह विकेट लिए, ने भी बढ़त हासिल की। अंतिम टी-20 मैच में दो विकेट लेने वाली रेड्डी गें. दबाजी रैंकिंग में चार स्थान की छलांग लगाकर 39वें और ऑलराउंडरों की सूची में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गईं। इंग्लैंड के कई सितारों ने भी सकारात्मक प्रगति की है। स्पिनर चार्ली डीन ने पिछले मैच में 23 रन देकर 3 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीतकर गेंदबा. जी रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाई। वह आठ स्थान की छलांग लगाकर नशरा संधू और जॉर्जिया वेयरहैम के साथ संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गईं। लिंसे स्मिथ भी नौ स्थान की छलांग लगाकर 38वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज इस्सी वोंग सात स्थान की छलांग लगाकर 50वें स्थान पर पहुंच गईं। एमिली अर्लट, जिन्होंने इसी साल गर्मियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया था, 15 स्थान के सुधार के साथ 67वें स्थान पर पहुंच गईं। सोफिया डंकले, जो 151 रनों के साथ इंग्लैंड की शीर्ष स्कोरर रहीं, पिछले दो मैचों में 22 और 46 रनों के महत्वपूर्ण योगदान के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में सात अंक की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गईं।



जो रूट

# टेस्ट रैंकिंग में फिर नंबर-1 जो रूट

**● कुमार संगकारा के बाद नंबर-1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज बने रूट**

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड के जो रूट ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत लॉर्ड्स में भारत पर 22 रनों की जीत के साथ आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। रूट (888 रेटिंग अंक) ने 104 और 40 रनों की पारी की बदौलत हमवतन हैरी ब्रूक (862) को पछाड़कर नंबर 1 स्थान हासिल किया, जिससे मेजबान टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। रूट का यह आठवां शीर्ष स्थान है और 34 साल की उम्र में, वह दिसंबर 2014 में 37 वर्षीय कुमार संगकारा के बाद से नंबर 1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलियाई स्टीव स्मिथ (816) भी जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में किए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत शीर्ष 10 में एक स्थान ऊपर चढ़े हैं। स्मिथ ने मेहमान टीम की जीत में 48 रन बनाए, जबकि उनके साथी कैमरन ग्रीन 46 और 42 रन की पारी की बदौलत 16 स्थान की छलांग लगाकर 29वें (619) स्थान पर पहुंच गए। कैरेबियन में गुलाबी गेंद से गेंदबाजों ने दूधिया रोशनी में शानदार प्रदर्शन किया, स्कॉट बोलैंड के टेस्ट में छह विकेट (और एक हैट्रिक) लेने के प्रयास ने उन्हें करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचा दिया।





# लक्ष्य सेन, सात्विक-चिराग शेट्टी जापान ओपन के राउंड ऑफ-16 में


**टोक्यो, वार्ता।** लक्ष्य सेन और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बुधवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर जापान ओपन 2025 के अगले दौर में जगह बना ली है। सेन ने संयमित प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग लजग को 21-11, 21-18 से हराया। सेन का दूसरे दौर में जापान के स्टार खिलाड़ी कोडाई नाराओका से मुकाबला होगा। वहीं पुरुष युगल के मुकाबले में, सात्विक और चिराग ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और दक्षिण कोरिया के कांग मिन-ह्युक और की डोंग-जू की जोड़ी को 21-18, 21-10 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

# शास्त्री ने बताए हार के दो अहम पल

**● भारतीय उप-कप्तान ऋषभ पंत का रन आउट और करुण नायर का आउट होना**

**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स में खेला गया तीसरा टेस्ट मैच इंग्लैंड और भारत के बीच एक जबरदस्त मुकाबला रहा, जिसमें ज्यादातर समय दोनों टीमों के बीच कोई घस फर्क नहीं पड़ा। लेकिन आखिरकार मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली और कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड के गें. दबाजों ने चौथे दिन के आखिरी और पांचवें दिन के शुरुआती सत्र में नाटकीय रूप से भारतीय टीम कोधराशायी कर दिया और 193 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही भारत की टीम को 170 रनों पर समेट दिया।

हालांकि आईसीसी के नंबर 1 टेस्ट ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने जबरदस्त वापसी की। एक रोमांचक टेस्ट मैच में, जो लगातार आगे-पीछे होता रहा, शास्त्री ने उन अहम पलों की ओर इशारा किया जिन्होंने पलड़ा इंग्लैंड के पक्ष में झुका दिया, ठीक उस समय जब भारत का पलड़ा भारी लग रहा था। रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के नवीनतम संस्करण में कहा कि इस टेस्ट मैच में मेरे लिए टर्निंग पॉइंट, सबसे पहले, पहली पारी में ऋषभ पंत का आउट होना था। बेन स्टोक्स, लंच के समय दाहिने छोर पर हिट करने और उसे सफलतापूर्वक आउट करने के लिए अद्भुत सूझबूझ का परिचय देते हैं। क्योंकि भारत बढ़त बना सकता था और वे ड्राइवर सीट पर थे। भारतीय उप-कप्तान पंत 74 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन स्टोक्स की शानदार फीलल्डग ने उन्हें तीसरे दिन लंच के समय ड्रेसिंग रूम वापस भेज दिया। शास्त्री ने कहा कि यह कहने के बाद, दूसरी पारी में एक बार फिर 40/1 के स्कोर पर, मुझे लगा कि करुण नायर की एकाग्रता में बहुत बड़ी चूक थी, एक सीधी गेंद, एक न चलने वाली गेंद, को छोड़ देना और इंग्लैंड के लिए रास्ता खोल देना। मुझे लगता है कि उस आउट होने के समय ने स्थिति बदल दी। उन्होंने कहा कि क्योंकि आपने देखा होगा कि जब सिराज ने बल्लेबाजी की, जब बुमराह ने बल्लेबाजी की, जब जडेजा ने बल्लेबाजी की, एक बार जब गेंद 40 ओवर पुरानी हो गई, तो उन्होंने मुश्किल से कोई गलती की। शास्त्री ने कहा कि 'उनका डिफेंस मज़बूत था और लंच के समय 82 रनों का लक्ष्य हासिल करने के लिए, आपको लगता था कि अगले 10 मिनट में यह काम पूरा हो जाएगा। लेकिन उस 82 या 83 रनों को 22 रनों पर लाना एक बड़ी उपलब्धि थी। उन्होंने कहा कि 'इससे पता चलता है कि अगर चौथे दिन, अंत में, शीर्ष क्रम थोड़ा और मजबूत और मानसिक रूप से मजबूत होता, तो यह मैच भारत का होता। शास्त्री का मानना है कि मैच के कुछ चरणों में भारत शीर्ष पर था, लेकिन इंग्लैंड को जरूरी मौकों का फायदा उठाने के लिए पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए।



# फौजा सिंह को कार से टक्कर मारने के आरोप में प्रवासी गिरफ्तार

**जालंधर, वार्ता।** मैराथन धावक फौजा सिंह (114) को कार से टक्कर मारकर घायल करने के आरोप में पुलिस ने प्रवासी (एनआरआई) अमृतपाल सिंह ढिल्लों (26) को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरिवंदर सिंह विर्क ने बुधवार को यहां एक प्रेस सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने घटना के तीस घंटों के भीतर मामले को सुलझाते हुए आरोपी ढिल्लों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था। ढिल्लों करतारपुर के दसूपुर गाँव का निवासी है और कनाडा में रहता है। वह आठ दिन पहले ही भारत आया था।

उन्होने कहा कि पूछताछ में ढिल्लों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है और बताया है कि घटना के समय वह अकेला था और भोगपुर से किशनगढ़ की ओर जा रहा था। जब वह ब्यास लपड के पास पहुंचा तो एक बुजुर्ग उनकी गाड़ी की चपेट में आ गया। उन्हें ये नहीं पता था कि बुजुर्ग फौजा सिंह हैं। जब देर रात खबरें आनी शुरू हुई तो फौजा सिंह की मौत के बारे में पता चला। पुलिस ने उसकी फॉर्च्यूनर कार को भी जब्त कर लिया है। ढिल्लों को आज अदालत में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आरोपी ढिल्लो ने 14 जुलाई को सड़क पार करते समय अपनी फॉर्च्यूनर एसयूवी कार से फौजा सिंह को टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। बाद में श्री फौजा सिंह ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एसएसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए बनाई गई टीम ने कुछ गाड़ियां लिस्ट आउट की थीं। उन्होंने बताया कि उनमें से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी की पहचान मंगलवार देर शाम की गई। नंबर से पता चला कि गाड़ी कपूरथला के अठौली गांव के रहने वाले वरिंदर सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। जिसके बाद जालंधर पुलिस की टीमें कपूरथला रवाना हुईं और वरिंदर तक पहुंचीं।

# भारत के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों में खेल सकते हैं: आर्चर



**लंदन, वार्ता।** जोफ्रा आर्चर ने कहा कि लॉर्ड्स में जीत के साथ शानदार वापसी करने के बाद, वह भारत के खिलाफ इंग्लैंड की श्रृंखला के आखिरी दो टेस्ट मैचों में खेल सकते हैं। चोटों के कारण यह तेज गेंदबाज चार साल से ज्यादा समय तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहा, लेकिन 22 रनों की रोमांचक जीत में अहम भूमिका निभाई जिससे इंग्लैंड को श्रृंखला में 2-1 की बढ़त मिली। 30 वर्षीय आर्चर ने अपनी वापसी की तीसरी गेंद पर एक विकेट लिया, फिर भारत की दूसरी पारी में तीन विकेट लिए, जब इंग्लैंड ने 192 रनों के लक्ष्य का बचाव किया।

उन्होंने 39-2 ओवर पूरे किए और पूरी पारी में तेज गति से गेंदबाज़ी की - उनकी औसत गति कभी भी 87 मील प्रति घंटे से कम नहीं रही और ससेक्स के इस खिलाड़ी ने 41 गेंदें 90 मील प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से फेंकी। टेस्ट क्रिकेट में वापसी के दौरान आर्चर का बहुत ध्यान रखा गया था और उन्होंने लगभग सिर्फ सध्दे गेंद वाले मैच ही खेले थे। ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टेस्ट और ओवल में पांचवां टेस्ट एक के बाद एक हैं, इसलिए यह सुझाव दिया गया है कि इंग्लैंड को उनके कार्यभार को नियंत्रित करना होगा। लेकिन आर्चर ने कहा कि 'अगर वे मुझे अनुमति दें तो मैं बाकी दो मैच भी खेल सकता हूँ। मैं यह सीरीज नहीं हारना चाहता। मैंने कहा था कि मैं गर्मियों में टेस्ट मैच खेलना चाहता हूँ और एशेज भी खेलना चाहता हूँ।

आर्चर ने कहा कि एक टेस्ट मैच पहले ही हो चुका है और मैं नवंबर में ऑस्ट्रेलिया जाने वाली फ्लाइट में बैठने के लिए हरसंभव कोशिश करूंगा। आर्चर ने लॉर्ड्स में अपना 14वां टेस्ट कैप जीता। उनका 13वां टेस्ट मैच 2021 की शुरुआत में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ आया था। इस बीच, पीठ और कोहनी की गंभीर चोटों के कारण उनका करियर खतरे में पड़ गया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कभी टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर संदेह हुआ, तो उन्होंने जवाब दिया: ''नहीं।

## दीपिका और विक्टर वेगनेज ने जीता शीर्ष पुरस्कार

**स्विट्ज़रलैंड, वार्ता।** एक और रोमांचक एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के समापन के बाद, दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों ने दीपिका (भारत) व विक्टर वेगनेज (बेल्जियम) को पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड्स का विजेता चुना है। एफआईएच ग्लोबल सप्लायर पोलिटन द्वारा प्रदान किए गए इस पुरस्कार में, प्रशंसकों ने 4 से 13 जुलाई तक हॉकी के जादू को दर्शाने वाले पलों को चुनने के लिए वोट किया। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए शॉर्टलिस्ट में छह शानदार प्रदर्शन शामिल थे -3 महिला और 3 पुरुष- जिन्होंने 'लीग ऑफ द बेस्ट' सीजन के दौरान मैदान की शोभा बढ़ाई। आखिरकार, पो. लिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड दीपिका को उनकी शानदार ड्रैगिंग और फ्लिकिंग क्षमता के लिए मिला, जिसमें उन्होंने एक शानदार सोलो गोल किया।

# जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरे करने के करीब



**लंदन, वार्ता।** दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं। जडेजा ने लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में नाबाद 61 रन बनाये लेकिन भारत यह मुक. ाबला 22 रन से हार गया। जडेजा का यह लगातार चौथा अर्द्धशतक था। उन्होंने बर्मिंघम और लॉर्ड्स दोनों में जुड़वां फिफ्टी लगाई।

उनसे पहले इंग्लैंड में लगातार चार 50+ स्कोर बनाने वाले केवल दो भारतीय बल्लेबाज हैं - सौरव गांगुली (2002) और ऋषभ पंत (2022 और 2025)। लॉर्ड्स में आखिरी दिन उनकी नाबाद 61 रन की पारी टेस्ट की चौथी पारी में उनका पहला 50+ स्कोर था। इंग्लैंड में जडेजा ने टेस्ट में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए 942 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में मेहमान बल्लेबाजों में उनसे ज्यादा रन सिर्फ गैरी सोबर्स (1097) ने बनाए हैं। इंग्लैंड में उनके नाम एक शतक और सात अर्द्धशतक हैं, गैरी सोबर्स (9) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। भारत ने सोमवार को सातवां विकेट गिरने के बाद जितनी गेंदें (301) खेलीं। यह टेस्ट की चौथी पारी में आखिरी तीन साझेदारियों में खेली गई सबसे अधिक गेंदें हैं। इससे पहले रिकॉर्ड 294 गेंदों का था, जो इंग्लैंड ने 2015 में दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था (नोट: गेंदों का डेटा 1998 से उपलब्ध है)। जडेजा और जसप्रीत बुमराह ने 22 ओवर तक साझेदारी निभाई। यह पिछले दस वर्षों में भारत के लिए 9वें या 10वें विकेट के लिए सबसे लंबी साझेदारी है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लॉर्ड्स में टेस्ट में चार बार प्लेयर ऑफ द मैच बने हैं। यह इस मैदान पर किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। उन्होंने इससे पहले 2015 (न्यूजीलैंड), 2017 (विंडीज) और 2019 (ऑस्ट्रेलिया) में यह अवॉर्ड जीता था। कुल मिलाकर उनके नाम टेस्ट में 11 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड हैं, जो इंग्लैंड के लिए तीसरे सबसे ज्यादा हैं। उनके आगे जो रूट (13) और इयान बॉथम (12) का नाम आता है। इस लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों में 15 बल्लेबाज बोल्ड हुए, यह 1965 से खेले गए 2000 से अधिक मैचों में सबसे अधिक है। पिछली बार टेस्ट में 1965 में जॉर्जटाउन में विंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए टेस्ट में 15 या उससे अधिक खिलाड़ी बोल्ड हुए थे।

# नाटो का टैरिफ राग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्यापार करने की जो नई राह दिखाई, उस पर अब नाटो भी चलता दिखाई दे रहा है। नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को बेहद बेबाक तरीके से कहा कि भारत के प्रधानमंत्री हों या ब्राजील के राष्ट्रपति हों या चीन के राष्ट्रपति हों, इससे उनको कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर कोई भी देश रूस के साथ व्यापार करता है, तो उसको भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वह यह सलाह भी देते दिखाई दिए कि चीन, भारत और ब्राजील को रूस पर दबाव डालना चाहिए। जिससे वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें और अगर यह ऐसा नहीं करते और रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर सौ प्रतिशत सेकेंडरी प्रतिबंध लगाया जाएगा। रूस ने नाटो महासचिव की इस धमकी को पूरी तरह खारिज किया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने हालांकि कहा कि रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं और अगर नाटो व अमेरिका व्यापार को लेकर ऐसा ही रवैया अपनाएंगे, तो रूस भी ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा यानि नए साथी बनाएगा। डोनाल्ड ट्रम्प पहले ही व्यापार को लेकर बेहद आक्रामक मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। वह व्यापार को लेकर किस तरह का नजरिया रखते हैं, इसका पता उनके यह कहने से चल जाता है कि वह ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। वह अपने इस अल्टीमेटम का बचाव कर रहे थे जो उन्होंने रूस को कहकर दिया कि अगर राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करते, तो उस पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। भारत-पाक के बीच जो सीज फायर हुआ था, उसका श्रेय भी ट्रम्प ने यह कहकर कई बार लेने की कोशिश की कि उन्होंने दोनों देशों से व्यापार की धमकी देकर युद्ध को रुकवाया था। यह बात अलग है कि भारत ने कभी भी यह स्वीकार नहीं किया और ट्रम्प के दावे को खारिज किया, लेकिन ट्रम्प के व्यवहार में कोई कमी आती दिखाई नहीं दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि हर देश को यह हक है कि वह अपने हितों को देखकर व्यापार करे। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। बुराई तब पैदा होती है जब कोई देश दूसरे के हित की अन्देखी करता है और अपने ही हितों को साधने की कोशिश करता है, जैसाकि अमेरिका इस समय करता दिखाई दे रहा है और अब तो उसके साथ नाटो भी लग गया है। अमेरिका चाहता है कि उसके लिए दुनियाभर के बाजार खुलें। वह भी बिना कुछ दिए, यानि उसके सामानों पर किसी तरह का कोई टैक्स न लगे, लेकिन जो सामान अमेरिका आए उस पर भारी टैक्स लगाया जाए। इसे कहीं से भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता और यूं भी अमेरिका अभी भी विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति है। इस नाते तो उसका और भी कर्तव्य बढ़ जाता है कि वह छोटे व विकासशील देशों का ध्यान रखे। भारत के साथ अभी तक यूं तो उसकी कोई ट्रेड डील सामने नहीं आई, लेकिन ट्रम्प खुद ही उम्मीद जताते दिखाई दे रहे हैं कह रहें कि हमें इंडियन मार्केट में पहुंच मिलने वाली है।

## इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे



मैं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभारी हूं कि उन्होंने केंद्र के समक्ष जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाया, हम तो इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में हमारी आवाज उठाएगा, हम ऐसी कोई चीज नहीं मांग रहे, जिसका हमसे वादा न किया गया हो, संसद में और संसद के बाहर सार्वजनिक कार्यक्रमों में और शीर्ष न्यायालय में भी बार-बार कहा गया है कि उचित समय पर जम्मू- कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा, जब शीर्ष न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया था, तो उसने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए, जितनी जल्दी हो सके वाले वाक्य का अब औचित्य नहीं रहा और समय आ गया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाए। **-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# 'एक्सोलोटल' की अंग पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर




जैव-विज्ञान के इतिहास में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जब विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं की सीमा से बाहर निकलकर मानव भविष्य को बदलने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाता है। जून 2025 का महीना भी ऐसा ही एक ऐतिहासिक समय बन गया, जब वैज्ञानिकों ने दुनिया के सबसे आश्चर्यजनक जीवों में से एक एक्सोलोटल की अंग-पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर कर दिया। यह खोज न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महान उपलब्धि है, बल्कि यह भविष्य में मानव शरीर के अंगों की मरम्मत, अंग पुनः उत्पत्ति और चोटों के बाद अंगों की पुनर्रचना के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

एक्सोलोटल, जिसे मेक्सिकन वॉकिंग फिश भी कहा जाता है, वास्तव में एक उभयचर (Amphibian) है और यह विशेष रूप से अपनी असाधारण क्षमता के लिए जाना जाता है। यह अपने शरीर के कटे हुए अंगों को पुनः विकसित कर सकता है, चाहे वह हाथ-पैर हो, रीढ़ की हड्डी हो, मस्तिष्क का भाग हो या यहां तक कि दिल का कुछ हिस्सा भी। वैज्ञानिकों ने दशकों से इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश की थी कि आखिर कैसे एक्सोलोटल बिना किसी जख्म या निशान के पूरे अंग को फिर से उगा लेता है, लेकिन जून 2025 में नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने इस गूढ़ रहस्य की जड़ तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की।

इस अनुसंधान की मुख्य खोज रही CYP26B1 एंजाइम की भूमिका। इस एंजाइम का कार्य शरीर के एक विशेष अणु, रेटिनोइक एसिड (Retinoic Acid) को तोड़ना है। यह अणु शरीर के विभिन्न हिस्सों को यह स्थिति संकेत देता है कि वे शरीर के किस भाग में स्थित हैं जैसे कि कंधे, कोहनी या अंगुलियां। जब एक्सोलोटल का कोई अंग कटता है, तो पुनर्जनन प्रक्रिया शुरू होती है। इस प्रक्रिया में कोशिकाएं एक ब्लास्टेमा नामक संरचना बनाती हैं, जो मूल रूप से स्टेम सेल्स से भरी एक निर्माण इकाई होती है। अब प्रश्न यह था कि ए स्टेम सेल्स कैसे जानती हैं कि उन्हें क्या बनाना है? कोहनी? अंगुली? या पूरा हाथ?

CYP26B1 एंजाइम इस प्रक्रिया में मुख्य भूमिका निभाता है। यह एंजाइम रेटिनोइक एसिड को कंधे की ओर अधिक मात्रा में रहने देता है और हाथ की ओर इसे तोड़ता है। इस कारण एक प्रकार का जैविक केमिकल मैप बनता है जो कोशिकाओं को यह दिशा देता है कि वे कहां हैं और उन्हें कौन सा अंग बनाना है। इस खोज ने पहली बार यह



वैज्ञानिक प्रमाण दिया कि अंग-पुनर्जनन में रासायनिक संकेतों की दिशा और तीव्रता किस प्रकार निर्णायक होती है।

इस शोध में एक और दिलचस्प प्रयोग किया गया। वैज्ञानिकों ने एक दवा टालारोजोल (Talarozole) का उपयोग किया, जो CYP26B1 एंजाइम को अवरुद्ध कर देती है। जब इस दवा का उपयोग कर एक्सोलोटल की कोहनी की कोशिकाओं में रेटिनोइक एसिड का स्तर बढ़ा दिया गया, तो वे कोशिकाएं यह समझने लगीं कि वे शरीर के ऊपरी हिस्से जैसे कंधे में हैं। परिणामस्वरूप उन्होंने एक नया पूरा हाथ विकसित कर लिया यानी एक अंग से दो अंग निकल आए। यह घटना वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत चौंकाने वाली थी, क्योंकि यह पहली बार हुआ कि कोशिकाओं की स्थिति की समझ को कृत्रिम रूप से बदला गया और उससे पूर्ण अंग का निर्माण हुआ।

इस खोज में एक अन्य महत्वपूर्ण जीन Shox की भूमिका भी स्पष्ट हुई। यह जीन मानवों और अन्य प्राणियों में हाथ-पैर की लंबाई और हड्डियों के विकास में भूमिका निभाता है। वैज्ञानिकों ने जब इस जीन को निष्क्रिय किया, तो एक्सोलोटल के पुनर्जीवित अंगों में विकृति देखी गई। विशेष रूप से ऊपरी हड्डियां अधूरी और असामान्य थीं। इसका तात्पर्य यह है कि Shox जीन अंग की संरचना और विस्तार को निर्देशित करता है। यदि यह जीन निष्क्रिय हो जाए, तो कोशिकाएं जानती तो हैं कि वे कौन सा अंग बना रही हैं, लेकिन वे उसे सही रूप में नहीं बना पातीं। यह शोध इसलिए भी अद्भुत है क्योंकि यह मानवों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से एक नई दिशा दिखाता है। मनुष्य का शरीर भी रेटिनोइक एसिड, CYP26B1 और Shox जैसे जीन और एंजाइम से युक्त होता है, लेकिन हमारे शरीर की चोटों पर प्रतिक्रिया जख्म और दाग-धब्बों के रूप में होती है न कि अंग के पुनः निर्माण के रूप में।

इस शोध से यह संभावना बनती है कि यदि हम इन जैविक सिग्नलों को कृत्रिम रूप से नियंत्रित कर सकें, तो हम भी भविष्य में स्कारलेस वाउंड हीलिंग, अंग पुनर्रचना और स्टेम सेल आधारित उपचार विकसित कर सकते हैं। यह खोज केवल जैविक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और चिकित्सा दृष्टिकोण से भी अत्यंत गहन है। मान लीजिए भविष्य में मानव हाथ या पैर कट जाने पर पुनः उगाए जा सकें, तो इसकी चिकित्सा, बीमा, पुनर्वास और कानून से संबंधित समस्याएं भी उत्पन्न होंगी, लेकिन साथ ही यह उन लोगों के लिए आशा की किरण होगी जो दुर्घटनाओं, जन्मजात विकारों या युद्धों में अपने अंगों को खो चुके हैं।

इस शोध का तकनीकी पक्ष भी उतना ही प्रभावशाली है। वैज्ञानिकों ने RNA अनुक्रमण, CRISPR तकनीक, इन-विवो इमेजिंग और जनरल स्टेम सेल विश्लेषण का प्रयोग करके पूरे पुनर्जनन प्रक्रिया को सूक्ष्मतम स्तर पर समझा। उन्होंने एक्सोलोटल के शरीर में रासायनिक संकेतों की दिशा, समय और घनत्व का सटीक मानचित्र तैयार किया, जो किसी भी पुनर्जीवन चिकित्सा के लिए आधारभूत उपकरण बन सकता है। वर्तमान में वैज्ञानिक मानव त्वचा की मरम्मत, यकृत ऊतकों के पुनर्निर्माण और रीढ़ की हड्डी की मरम्मत जैसे प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन अंग-पुनर्जनन एक अलग ही स्तर की चिकित्सा क्रांति होगी। एक्सोलोटल की यह खोज इसमें नींव का पत्थर सिद्ध हो सकती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस खोज के प्रभाव केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं हैं। सेना, अंतरिक्ष विज्ञान, खेल जगत, औद्योगिक दुर्घटनाओं से पीड़ित व्यक्तियों, और यहां तक कि कृत्रिम अंग उद्योग पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। जब मनुष्य स्वयं अंग पुनः उत्पन्न करने में सक्षम हो जाएगा, तो कृत्रिम अंगों की आवश्यकता में कमी आ सकती है। साथ ही इस दिशा में अनैतिक प्रयोगों की आशंका भी बढ़ेगी, जिसके लिए नीति-निर्माताओं और वैज्ञानिक समुदाय को पहले से ही तैयारी करनी होगी। जून 2025 की यह खोज केवल एक अंग पुनर्जनन का रहस्य उजागर नहीं करती, बल्कि यह एक व्यापक क्रांति की शुरुआत है एक ऐसा समय, जब विज्ञान और प्रकृति के अद्भुत समन्वय से हम अपने शरीर की मरम्मत स्वयं कर सकने में सक्षम होंगे। यह उस विज्ञान की जीत है जो प्रकृति के सिद्धांतों को समझकर उन्हीं सिद्धांतों का उपयोग करके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करता है।

विज्ञान में यह खोज एक नए अध्याय की शुरुआत है मॉलिक्यूलर पॉजिशनल आइडेंटिटी का युग। जहां यह समझना संभव होगा कि कोशिकाएं कैसे अपने स्थान को जानती हैं, कैसे अंग की दिशा और रूपरेखा तय होती है और कैसे हम इन संकेतों को नियंत्रित करके शरीर में किसी भी प्रकार की जैविक मरम्मत कर सकते हैं।

यदि हम इस दिशा में शोध को आगे बढ़ाते हैं, तो संभवतः एक दिन हम न केवल अंग, बल्कि आंख, लीवर या यहां तक कि मस्तिष्क के कुछ हिस्सों को भी पुनः उत्पन्न करने में सफल होंगे। यह विज्ञान और चिकित्सा की सबसे बड़ी जीत होगी जब शरीर स्वयं को स्वयं ठीक कर सकेगा। एक्सोलोटल ने हमें वह झरोखा दिया है जिससे झांककर हम पुनर्योजन की दुनिया को देख सकते हैं। अब यह मनुष्य पर है कि वह उस झरोखे को दरवाजे में बदलता है या केवल प्रशंसा करके वहीं रुक जाता है।

# मानसून में भारत की इन जगहों पर घूमने न जाएं

**मानसून में बहुत लोग पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, लेकिन हादसे और बादल फटने की खबर से घबरा भी रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी मानसून में कुछ दिनों में पहाड़ों पर घूमने का प्लान कर रही हैं, तो आपको भी अलर्ट हो जाना चाहिए, क्योंकि इस समय हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुछ जगहों पर जाना बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है।**

एक ओर जहां शहरों में लोग तपती गर्मी से परेशान हो रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ पहाड़ों पर बारिश और बादल फटने आदि की घटनाएं परेशानी का कारण बन गई हैं। मानसून में बहुत लोग पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, लेकिन हादसे और बादल फटने की खबर से घबरा भी रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी मानसून में कुछ दिनों में पहाड़ों पर घूमने का प्लान कर रही हैं, तो आपको भी अलर्ट हो जाना चाहिए। क्योंकि इस समय हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुछ जगहों पर जाना बिलकुल भी सुरक्षित नहीं है। वहीं मौसम विभाग ने भी आने वाले दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है।

**इन जगहों पर जाना सेफ नहीं**

इन दिनों कुल्लू घूमने जाना खतरनाक साबित हो सकता है। क्योंकि कुल्लू में बादल फटने के कारण पानी का रौद्र रूप देखने को मिला है। कुल्लू में बादल फटने के बाद बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं, जिसकी वजह से जान-माल को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में मानसून में कुल्लू घूमने जाना सेफ नहीं है।

**कांगड़ा**

कांगड़ा में भी बादल फटने की वजह से काफी नुकसान देखने को मिला है। पानी के तेज बहाव में कई गाड़ियां भी बह गईं। ऐसे में अगर आप भी कांगड़ा घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो सेफ्टी के लिहाज से आपको लो. केशन बदल लेनी चाहिए। आप मानसून में पहाड़ी इलाकों से दूर अन्य हिल स्टेशन पर घूमने के लिए जा



सकते हैं। क्योंकि मानसून में किसी भी पहाड़ी इलाके में यात्रा करना सुरक्षित नहीं है।

**मंडी**

कुल्ली में बादल फटने की खबर के बाद मंडी जिला प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि ब्यास नदी के किनारे से दूर रहें। क्योंकि पानी के बहाव और बारिश के कारण हादसा हो सकता है। ऐसे में यात्रियों को इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।

**मणिकर्ण**

मानसून में मणिकर्ण साहिब दर्शन का प्लान बनाना भी काफी खतरनाक साबित हो सकता है। बीते दिनों ब्रह्मगंगा और गड़सा के गोमती नदी में बादल के फटने से पानी का स्तर अचानक से तेज हो गया। ऐसे में अगर आप मणिकर्ण जाने का प्लान बना रहे हैं, तो इस समय यहां जाना सुरक्षित नहीं है। वहीं अगर आप मणिकर्ण में हैं और ज्यादा बारिश हो रही है, तो प्रयास करें कि होटल में रहे।

# इस एक्ट को भी कोई नाम दीजिए जनाब






याद कीजिए 31 मार्च, 2016 को राज्य में हो रहे चुनावी दंगल के बीच कोलकाता में विवेकानंद फ्लाईओवर गिरने की घटना और उसके बाद इस हादसे पर हुई जबरदस्त राजनैतिक बयानबाजी को। इस हादसे को लेकर बंगाल की ममता सरकार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने जबरदस्त हमला बोला था। उस हादसे में 25 लोग मारे गए थे। पुल निर्माता कम्पनी ने इस हादसे को दैवीय कृत्य बताकर हादसे के कारण पर पर्दा डालने की कोशिश की थी परन्तु उसी दौरान बंगाल में अपनी चुनावी सभाओं में इस हादसे को जोरदार चुनावी मुद्दा बनाते हुए तरह-तरह की बातें की थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मौत की राजनीति करने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा था कि कोलकाता में हुआ फ्लाई ओवर हादसा दैविक संदेश है कि लोग बंगाल को तृणमूल कांग्रेस से बचाएं। यह एक्ट ऑफ गॉड नहीं एक्ट ऑफ फ्रॉड है। प्रधानमंत्री ने उस समय कहा था कि वामपंथ और दक्षिणपंथ को भूल जाइए, उनके बारे में चिंता कीजिए जो मर रहे हैं। कम से कम मृतकों को तो सम्मान दीजिए, लेकिन दीदी को मरते लोग नहीं, कुर्सी दिखाई पड़ती है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि उनकी (ममता) बेशर्मी तो देखिए। यह एक बड़ा हादसा था, लेकिन उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू कर दिया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ठेका पिछली वाम मोर्चा की सरकार के शासनकाल में दिया गया था। मैं दीदी से यह बात पूछना चाहता हूं कि पुल निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसके उद्घाटन के वक्त उन्होंने क्या यह बात कही कि इसका ठेका वाम मोर्चे की सरकार ने दिया था? नहीं, आपने इसका श्रेय लिया। अब चूंकि यह गिर चुका है, इसलिए आप दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। यह आपकी पैसे और मौत की राजनीति का एक हिस्सा है। उसी समय मोदी ने बड़े गर्व से यह भी फरमाया था कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, वहां चौतरफा विकास हो रहा है। आपने बंगाल में वाम और तृणमूल को बहुत देखा और दोनों ने बंगाल को बर्बाद करने के लिए सब कुछ किया। भाजपा को एक मौका दीजिए और हम आपको दिखाएंगे कि विकास का मतलब क्या होता है परन्तु इत्तेफाक से मोदी के इस भाषण के बाद ही भाजपा शासित राज्यों के कथित विकास मॉडल की जो पोल खुलनी शुरू हुई वह परत दर परत खुलती ही जा रही है।

खासकर भाजपा शासित उस गुजरात राज्य की जिस के विकास मॉडल का नाम पर 2013 से लेकर देश को ठगा जा रहा था परन्तु एक के बाद एक कई बड़े हादसे होने के बाद अब गुजरात मॉडल का नाम लेना कम हो गया है। अन्य भाजपा शासित राज्यों की तो बात ही छोड़िए केवल गुजरात में ही हाल के वर्षों में कई पुल टूटने की घटनाएं सामने आई हैं। इनमें अभी ताजातरीन घटना महिसागर नदी पर बने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा ब्रिज के ढह जाने की हुई। गत 9 जुलाई को यह विशाल एवं व्यस्त पुल ढह गया जिसके चलते 5 वाहन नदी में गिर गए। इस हादसे में 17 लोगों की मौत की खबर है जबकि कई लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रखरखाव के अभाव के चलते यह व्यस्त पुल जर्जर होता जा रहा था जो सरकार की अनदेखी के कारण एक बड़े हादसे की नौबत तक आ पहुंचा। इसी मॉडल राज्य में 30 अक्टूबर 2022 को मोरबी केबल ब्रिज हादसा हुआ था जबकि मच्छू नदी पर बना सस्पेंशन ब्रिज टूट गया था। 7 महीने के नवीनीकरण के बाद पर्यटकों हेतु यह पुल खोला गया था। इस सस्पेंशन ब्रिज टूटने के हादसे के समय पुल पर 300 से अधिक लोग मौजूद थे, जो इसकी क्षमता से ज्यादा थे। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी और 56 लोग घायल हुए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत कार्यों का निर्देश दिया था और मृतकों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। इसी तरह गुजरात में ही 24 सितंबर 2023 को सुरेंद्रनगर ब्रिज हादसा हुआ था, जबकि सुरेंद्रनगर, राष्ट्रीय राजमार्ग को चूड़ा से जोड़ने वाला 40 साल पुराना पुल टूट गया था। इस हादसे में एक ट्रक सहित कई वाहन नदी में गिर गए थे।

यह पुल भी जर्जर संरचना और भारी वाहनों के दबाव के चलते ध्वस्त हुआ था। इसी तरह बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए निर्माणाधीन एक पुल वासद, आणंद में टूट गया। 5 नवम्बर 2024 को हुए इस हादसे में 3 मजदूरों की मौत हुई थी। इस हादसे का कारण भी निर्माण में खामियों की संभावना बताई गए थी। इसी तरह 24 जनवरी 2020 को मेहसाणा में खारी नदी पर बना पुल टूट गया था तो 21 दिसम्बर 2021 को अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक भाग टूट गया। जबकि जून 2025 में बोटाद में पाटलिया नदी पर बना पुल बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। सवाल यह है कि मॉडल राज्य गुजरात में होने वाले ऐसे हादसे क्या भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम नहीं? निश्चित रूप से गुजरात में पुल टूटने की इस तरह की घटनाएं संरचनात्मक सुरक्षा और रख-रखाव की कमी को उजागर करती हैं। और बार-बार होने वाले ऐसे हादसों से जनता में सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश या राजस्थान इन सभी भाजपा शासित राज्यों में कहीं निर्माणाधीन सड़कें बह रही हैं कहीं उद्घाटन से पूर्व कोई प्रोजेक्ट धराशाई हुआ जा रहा है। याद कीजिए महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के मालवन में स्थित राजकोट किले में केवल आठ माह पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज की जिस 35 फुट ऊंची मूर्ति का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों गया था वह प्रतिमा 26 अगस्त 24 को ताश के पत्तों की तरह ढह गई। उस समय चुनावी बेला में समय को भांपते हुए शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा ढहने के मामले पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्रपति शिवाजी से माफी मांगने के लिए सार्वजनिक रूप से सामने आना पड़ा था। उस समय मोदी ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल हमारे लिए एक महान व्यक्ति हैं, बल्कि वह हमारे आदर्श हैं। मैं उस मूर्ति के चरणों में झुक रहा हूं और अब उनसे सिर झुकाकर माफी मांग रहा हूं। हमारे लिए शिवाजी आराध्य देव हैं परन्तु भाजपा शासित राज्यों में हुए बड़े से बड़े हादसों पर और आम लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेना तो दूर न तो इनके लिए कभी मुआफी मांगी गई न ही खेद जताया गया। सवाल यह है कि जब कोलकाता का एक फ्लाई ओवर ढहना प्रधानमंत्री की नजरों में एक्ट ऑफ फ्रॉड था तो गुजरात व अन्य भाजपा शासित राज्यों में हो रहे रहे इस तरह के श्एक्टश को भी तो कोई नाम दीजिए जनाब?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नाटो की भारत पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी

## कहाः इंडियन पीएम हों या चीनी राष्ट्रपति, रूस को जंग रोकने को कहें, वरना नतीजा भुगतना होगा




■ तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें: रूट
■ रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी
■ रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया

**ब्रसेल्स।** नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है।

रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100 प्रतिशत सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। वहीं, रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और आप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा। नाटो महासचिव की यह चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को नए हथियार देने और रूस के व्यापारिक साझीदारों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा की है।

### अमेरिकी रक्षा विभाग ने 2000 नेशनल गार्ड को लॉस एंजिल्स छोड़ने का दिया आदेश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रक्षा विभाग ने लॉस एंजिल्स में तैनात लगभग 4000 कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड में से करीब आधे यानी कि 2000 गार्ड को अपने मूल कमान में लौटने का आदेश दिया है। अमेरिका के रक्षा विभाग के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने एक बयान में रक्षा मंत्री पेटे हेगसेथ द्वारा नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती कम करने के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि 'हमारे सैनिकों के आह्वान पर आगे आने के लिए धन्यवाद, लॉस एंजिल्स में तनाव और अराजकता कम है। बयान में कहा कि संघीय सुरक्षा मिशन ने अपने तात्कालिक लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। बयान में यह नहीं बताया गया है कि नेशनल गार्ड के सदस्य कब तक वापस लौटेंगे। जबकि कुछ अधिकारियों ने कहा कि इकाइयां व्यवस्थित तरीके से फिर से तैनात होंगी। कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड ने पुष्टि की है कि उसने उन सैनिकों के लिए परिवहन की व्यवस्था करने के लिए कमांडरों से संपर्क करना शुरू कर दिया है।



सीरिया। स्वेदा शहर से वापस आकर दक्षिणी सीरिया के दारा राजमार्ग से गुजर रहे सीरियाई सरकारी बलों के लिए एक टैंक को ट्रक पर ले जाते हुए।

### अफगानिस्तान के हजारों नागरिक गुप्त योजना के तहत ब्रिटेन पहुंचे

**लंदन।** अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद लोगों की व्यक्तिगत जानकारी लीक होने पर हज़ारों नागरिक एक गुप्त योजना के तहत ब्रिटेन आ गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद ब्रिटेन जाने के लिए आवेदन करने वाले लगभग 19,000 लोगों की व्यक्तिगत जानकारी फरवरी 2022 में लीक हो गई थी। तत्कालीन कंज़र्वेटिव सरकार को इसकी सूचना अगस्त 2023 में सोशल मीडिया से मिली। रिपोर्ट के अनुसार लीक हुई सूची में शामिल लोगों के लिए नौ महीने बाद एक नई पुनर्वास योजना शुरू की गई जिससे लगभग 19000 आवेदकों में से अब तक 4500 अफगानी ब्रिटेन पहुंच चुके हैं।

### अमेरिका ने ब्राजील के खिलाफ जांच की शुरू

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने ब्राजील के खिलाफ 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत व्यापार नीतियों की जाँच शुरू की है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने मंगलवार को यह घोषणा की। कार्यालय ने एक बयान में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर के हवाले से कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देशन में शुरू की गई यह जांच अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनियों पर ब्राज़ील के हमलों के साथ-साथ अन्य अनुचित व्यापारिक नीतियों की जांच करेगी जो अमेरिकी कंपनियों, श्रमिकों, किसानों और प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तकों को नुकसान पहुंचाती हैं। बयान में कहा गया है कि ग्रीर ने अन्य सरकारी एजेंसियों, स्वीकृत सलाहकारों और कांग्रेस के साथ परामर्श के बाद यह तय किया कि ब्राज़ील के टैरिफ और गैर-टैरिफ अवरोधों की गहन जांच और संभावित रूप से प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

### आतंकवाद-अलगाववाद से निपटने के लिए बना एससीओ

■ जयशंकर ने पहलगाम हमले की फिर निंदा की कहाः इसके दोषियों को सजा दी जानी चाहिए

**बीजिंग।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार, भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री 15 जुलाई को चीन के तियानजिन में आमने-सामने आए। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहलगाम हमले के निंदा की।

जयशंकर ने कहा कि यह हमला जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और धार्मिक विभाजन पैदा करने के लिए किया गया था। उन्होंने एससीओ से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की मांग की। उन्होंने कहा-एससीओ तीन बुराइयों से निपटने के लिए बना, वे हैं आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के बयान का भी जिक्र किया, जिसमें हमले में जिम्मेदार लोगों को सजा देने की बात कही गई थी। जयशंकर ने कहा: यह जरूरी है कि एससीओ आतंकवाद पर कोई समझौता न करे। भारत-पाकिस्तान विवाद के अलावा जयशंकर ने अफगानिस्तान का मुद्दा भी उठाया और एससीओ सदस्यों से विकास सहायता बढ़ाने का आग्रह किया, जिसके लिए भारत ने भी प्रतिबद्धता जताई। जयशंकर ने कहा-भारत ने एससीओ में स्टार्टअप और नवाचार से लेकर पारंपरिक चिकित्सा और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तक, कई क्षेत्रों में कई पहल की हैं। इससे पहले जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी।

### शांति सैनिकों पर हमलों की जवाबदेही बेहद जरूरीः भारत

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने कहा है कि शांति सैनिकों पर हमलों के मामले में जवाबदेही का होना न केवल इंसाफ के लिए बल्कि दुनियाभर में इस संगठन के शांति अभियानों के लिए भी जरुरी है। हरीश ने यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को खतरनाक क्षेत्रों में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लेकिन कई मामलों में उनके खिलाफ हुए अपराधों की कोई सजा नहीं मिलती। जवाबदेही की यह कमी अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रयासों को कमजोर बनाती है और इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। यह कार्यक्रम 'ग्रुप ऑफ फ्रेंडस' नाम के एक समूह ने आयोजित किया था।

# US को भारतीय मार्केट में मिलेगी पहुंचः ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः ट्रेड डील पर बातचीत जारी, इंडोनेशिया पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया



■ इसके अलावा ट्रम्प ने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका भारतीय मार्केट में पहुंच हासिल करने के लिए एक समझौते पर काम कर रहा है। इसके अलावा, उन्होंने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की। इसके तहत इंडोनेशिया से आने वाले सामान पर अमेरिका 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने भारत को लेकर कहा: हमें इंडियन में मार्केट में पहुंच मिलने वाली है। पहले हमें इन देशों में कोई पहुंच नहीं थी।

हमारे लोग वहां व्यापार नहीं कर पाते थे। अब टैरिफ के जरिए हम पहुंच हासिल कर रहे हैं। ट्रम्प ने बताया कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो से बात करने के बाद एक व्यापार समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिकी इम्पोर्ट पर कोई टैरिफ नहीं लगाएगा, जबकि अमेरिका, इंडोनेशिया के निर्यात पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने यह बयान पेनसिल्वेनिया जाते वक्त दिया। इस दौरान व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट भी उनके साथ मौजूद थीं। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा: हमने इंडोनेशिया के साथ समझौता किया। मैंने उनके बहुत लोकप्रिय और मजबूत राष्ट्रपति से बात की। अब हमें इंडोनेशिया में पूरी पहुंच मिलेगी। हम कोई टैरिफ नहीं देंगे। उन्होंने आगे कहा: इंडोनेशिया हमें अपने बाजार में एक्सेस दे रहा है, जो पहले कभी नहीं थी। यह समझौते का सबसे बड़ा हिस्सा है। इसके बदले वे 19 प्रतिशत टैरिफ देंगे और हम कुछ नहीं देंगे। यह दोनों पक्षों के लिए अच्छा सौदा है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर इस समझौते को 'पक्का' बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिका से 15 अरब डॉलर की एनर्जी, 4.5 अरब डॉलर के कृषि प्रोडक्ट्स और 50 बोइंग जेट विमान खरीदेगा। ट्रम्प ने यह भी बताया कि इंडोनेशिया के पास हाई क्वालिटी वाला कापर (तांबा) है, जो अमेरिका के लिए फायदेमंद होगा। हालांकि मंगलवार दोपहर तक इंडोनेशिया सरकार ने इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। पिछले साल इंडोनेशिया ने अमेरिका को 2 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था, जबकि चिली ने 60 करोड़ डॉलर और कनाडा ने 40 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था। ट्रम्प ने रूस पर यूक्रेन से जंग खत्म करने का दबाव डालने के लिए भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने कहा था: मैं ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करता हूं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। ट्रम्प ने कहा था कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं किया, तो उस पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा।

# अमेरिका की मोस्ट वांटेड लिस्ट में पाक में ईरानी राजदूत शामिल



■ अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई के रिटायर्ड अफसर के अपहरण का आरोप, 2007 से लापता

**वाशिंगटन।** अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने मंगलवार को ईरान के राजनयिक रेजा अमीरी मोगदम को अपनी मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया है।

मोगदम फिलहाल पाकिस्तान में ईरान के राजदूत हैं। मोगदम पर आरोप है कि उन्होंने 2007 में एक रिटायर्ड अमेरिकी एफबीआई एजेंट राबर्ट लेविंसन के अपहरण की योजना बनाने और उसे छिपाने में अहम भूमिका निभाई थी। लेविंसन 8 मार्च 2007 को ईरान के किश द्वीप पहुंचे थे और अगले ही दिन अचानक गायब हो गए थे। अब तक उनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। पूर्व एफबीआई एजेंट राबर्ट लेविंसन मार्च 2007 में ईरान के किश द्वीप के पास रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गए थे। एफबीआई का मानना है कि मोगदम ने उस पूरे ऑपरेशन की निंगरानी की थी जिसमें राबर्ट लेविंसन का अपहरण हुआ था। बाद में उन्होंने इस पूरे मामले की सच्चाई छुपाने का भी काम किया था। रेजा मोगदम, जिन्हें अहमद अमीरीनिया के नाम से भी जाना जाता है, पहले ईरान के खुफिया मंत्रालय (एमओआईएस) में एक सीनियर अधिकारी थे। उनकी निंगरानी में ही यूरोप में ईरान के गुप्त एजेंट काम किया करते थे। एफबीआई ने कहा कि वे अभी भी पता लगा रहे हैं कि लेविंसन का अपहरण किन लोगों ने और कैसे किया। एफबीआई ने मंगलवार को मोगदम के अलावा 2 और सीनियर ईरानी खुफिया अधिकारियों के खिलाफ पोस्टर जारी किए।

# गाजा में फूड सेंटर पर भगदड़, 43 की मौत

## खाना लेने के दौरान अब तक 870 फलस्तीनी मारे गए, इजरायली सेना पर नरसंहार का आरोप

**गाजा।** गाजा के खान यूनिस में बुधवार को एक फूड डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर 43 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 21 लोग खाना लेने की कोशिश में मारे गए, जबकि 15 लोगों की मौत भगदड़ में कुचल कर हुई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह हादसा गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) सेंटर पर हुआ। मंत्रालय ने इजरायली सेना और अमेरिका पर 'जानबूझकर' भूखे लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया। जीएचएफ ने भी अब तक 20 लोगों के मारे जाने की बात स्वीकार की है, लेकिन इसके लिए हमास से जुड़े लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। यूएन इन जीएचएफ सेंटर्स को मौत का जाल करार दे चुका है। मई के अंत से अब तक इन सेंटर्स पर या आसपास 870 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

जीएचएफ का कहना है कि इन सेंटर्स पर हमास की वजह से भगदड़ मची थी, जिससे लोग मारे गए। गाजा के सरकारी मीडिया ऑफिस (जीएमओ) ने पिछले महीने इजरायली आर्मी पर फलस्तीनियों को ड्रग्स देने का आरोप लगाया था। जीएमओ का कहना था कि गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) ने फलस्तीनी लोगों को जो आटे की बोरियां दी हैं, उनमें आक्सीकोडोन नाम की नशीली गोलियां मिली हैं। जीएचएफ को इजरायली सेना चलाती है और इसे अमेरिका से सपोर्ट मिलाता है। जीएमओ ने कहा था कि यह लोगों को नशे की लत लगाने की साजिश है। इजरायल नशीली दवाओं को हथियार के तौर में इस्तेमाल कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजरायली हमलों में गाजा के 58573 लोग मारे गए हैं और 139607 अन्य घायल हुए हैं।

पिछले 24 घंटों में 94 लोगों की मौत हुई है और 252 घायल हुए। 18 मार्च के बाद से अब तक 7750 लोग मारे गए हैं और 27566 घायल हुए हैं। गाजा में जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। गाजा के मीडिया कार्यालय ने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी खाली करने की साजिश रच रहा है।



# रूस ने अमेरिकी अल्टीमेटम खारिज किया

■ उनका देश यूक्रेन संघर्ष के कूटनीतिक समाधान का पक्षधर है व बातचीत के लिए तैयार: सर्गेई

**मॉस्को/कीव।** रूस ने यूक्रेन युद्धविराम पर सहमति के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 50 दिनों के अल्टीमेटम को खारिज करते हुए अमेरिका की 'कड़े टैरिफ' लगाए जाने की धमकी को अस्वीकार्य करार दिया। रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को ज़ोर देकर कहा कि उनका देश यूक्रेन संघर्ष के कूटनीतिक समाधान का पक्षधर है और बातचीत के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा यदि इसका उचित जवाब नहीं मिलता है और राजनयिक स्तर पर इससे कोई लक्ष्य हासिल नहीं होता है तो हमारा विशेष सैन्य अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि रूस अपनी बात पर अडिंग है और हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) इसे गंभीरता से लेंगे। ट्रंप ने मंगलवार को उन आरोपों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि उन्होंने यूक्रेन को रूसी क्षेत्रों में घुसकर हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन्होंने कहा कि वह इस संघर्ष में किसी का पक्ष नहीं ले रहे हैं और उन्होंने यूक्रेन को केवल यह सलाह दी कि उसे लंबी दूरी के हथियारों से 'रूस को निशाना नहीं बनाना चाहिए'। गौरतलब है कि इस स्पष्टीकरण से ठीक एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि अमेरिका नाटो के ज़रिए यूक्रेन को हथियार भेजेगा और 50 दिनों में युद्धविराम समझौता न होने पर रूस पर 'कड़े टैरिफ' भी लगाएगा।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज). वीजा एक्सटेंशन. इंश्योरेंस. मेडिकल. ट्रांसपोर्टेशन. लॉन्ड्री. एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)